* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

04 जुलाई, 2024
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 254







# झारखंड में एक बार फिर हेमंत सरकार

- चंपाई सोरेन ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा
- विधायक दल की बैठक में हेमंत चुने गये नेता
- हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा किया पेश
- राज्यपाल को विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा
- मंत्रियों के नाम भी लगभग तय
- राज्यपाल के निमंत्रण का इंतजार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन हो रहा है। पांच महीने बाद झारखंड में एक बार फिर हेमंत सरकार बनने जा रही है। बुधवार को इंडी गठबंधन की बैठक में हेमंत सोरेन को एक बार फिर से नेता चुना गया। बुधवार की शाम मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। साथ ही इंडी गठबंधन ने हेमंत को नेता चुनने और सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया। अब सत्ताधारी दल की निगाहें राजभवन पर टिकी हैं। उम्मीद है कि गुरुवार को हेमंत सोरेन तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले लेंगे। उधर, सूत्रों के अनुसार हेमंत सरकार में मंत्रियों के नाम भी लगभग तय हैं। चर्चा है कि हेमंत के साथ-साथ मंत्री भी शपथ लेंगे।

**विधायक दल की हुई बैठक:** बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में इंडी गठबंधन के विधायकों की बैठक हुई। इसमें झामुमो, कांग्रेस और राजद और माले विधायक मौजूद रहे। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम नबी मीर भी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पहले अपने इस्तीफे की पेशकश की। उसके बाद चंपाई सोरेन ने ही विधायक दल के नेता और राज्य के अगले मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।

**एक तरफ इस्तीफा, दूसरी तरफ सरकार गठन का दावा:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन चेन्नई गये हुए थे। वह शाम करीब 6.30 बजे रांची लौटे। चंपाई सोरेन ने राजभवन से शाम का समय लिया था। शाम करीब 7.15 बजे हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के आवास पहुंचे। वहां से चंपाई और हेमंत करीब 7.30 बजे राजभवन पहुंचे। चंपाई और हेमंत के साथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम नबी मीर,



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक प्रदीप यादव, सत्यानंद भोक्ता और विनोद सिंह मौजूद थे। पहले चंपाई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा। इसके तत्काल बाद हेमंत सोरेन ने सरकार गठन का दावा पेश किया। उन्होंने विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा।

**आज या कल ले सकते शपथ, राजभवन लेगा निर्णय:** राज्य में नयी सरकार का गठन अब राज्यपाल की जिम्मेदारी है। हेमंत सोरेन ने जल्द शपथ दिलाने का आग्रह किया है। राज्यपाल ने आश्वसान दिया है कि वह जल्द ही औपचारिकता पूरी कर निर्णय लेंगे। चर्चा है कि आज या कल हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी जा सकती है। उनके साथ मंत्रिमंडल के सदस्य भी शपथ लेंगे। इंडी गठबंधन के बीच मंत्रियों को लेकर राय-मशिवरा हो चुका है। इस बार मंत्रिमंडल में झामुमो और कांग्रेस दोनों ओर से कुछ नये चेहरे देखने को मिल सकते हैं।

## हेमंत सोरेन तीसरी बार लेंगे शपथ

साहिबगंज जिले की बरहेट विधानसभा सीट के विधायक हेमंत सोरेन झारखंड में तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। हेमंत सोरेन पहली बार 13 जुलाई 2013 को मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन वर्ष 2014 के विधानसभा में भाजपा को बहुमत मिल जाने के कारण उन्हें अपने पद से त्यागपत्र दे देना पड़ा था। इसके बाद 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन को बहुमत मिला। बहुमत मिलने के बाद 29 दिसंबर 2019 को हेमंत सोरेन ने दूसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस वर्ष 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने भूमि घोटाला मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद हेमंत सोरेन ने पद से त्यागपत्र दे दिया। हाइकोर्ट के आदेश पर हेमंत सोरेन की रिहाई हो गयी। अब एक बार फिर वह मुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ।

## चंपाई होंगे समन्वय समिति के चेयरमैन!



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन झामुमो के सीनियर नेता हैं। हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद चंपाई ने 2 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने 151 दिन का कार्यकाल पूरा किया। उनका कार्यकाल सराहनीय रहा। हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गयी जनहित की योजनाओं को उन्होंने आगे बढ़ाया। हेमंत की सलाह और मार्गदर्शन में चंपाई सोरेन ने सरकार के कामकाज को बखूबी आगे बढ़ाया। लोकसभा चुनाव में भी पूरी ताकत के साथ इंडी गठबंधन को एकजुट रखने का प्रयास किया। अपने कार्यकाल में 200 यूनिट बिजली मुफ्त, महिलाओं के लिए पेशन समेत कई कदम उन्होंने उठाये। उनके मान-सम्मान को किसी तरह की ठेस नहीं पहुंचे, इसका खयाल रखने का प्रयास किया गया है। सूत्रों के मुताबिक चंपाई सोरेन समन्वय समिति के अगले चेयरमैन होंगे। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी है। हालांकि इंडी गठबंधन की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है, लेकिन कहा जा रहा है कि शपथ ग्रहण के बाद इसकी घोषणा और अधिसूचना जारी कर दी जायेगी।

## राजभवन से निकलने के बाद चंपाई और हेमंत ने क्या कहा

*हमारे गठबंधन की बात है। पिछले दिनों हम लोगों ने नेतृत्व परिवर्तन का फैसला लिया था। मुझे दायित्व दिया गया। हेमंत बाबू वापस आये। हमारे गठबंधन ने फिर निर्णय लिया। हेमंत बाबू को गठबंधन का नेता चुना गया। मैंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गठबंधन का फैसला था, उसी के अनुसार मैंने काम किया।*

**- चंपाई सोरेन**

*मुख्यमंत्री जी ने सारी बात कह दी है। हम सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर रहे हैं। अभी बहुत अफरा-तफरी है। इस समय ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता है। बाद में विस्तार से सारी बातें बता दी जायेंगी।*

**- हेमंत सोरेन**




## न्यूज रील्स

### पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान तोशाखाना केस में बरी

इस्लमाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सरकारी खजाने के तोहफे बेचने के मामले (तोशाखाना केस) में राहत मिल गयी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इमरान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी समेत आठ लोगों को इस मामले में बरी कर दिया। हालांकि तोशाखाना मामले में बरी होने के बाद भी इमरान जेल में ही रहेंगे। दरअसल, इस साल फरवरी में पाकिस्तान में हुए चुनाव से कुछ दिन पहले ही इमरान को तीन मामलों में कुल 31 साल की सजा सुनायी गयी थी। इससे एक दिन पहले इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत मिल चुकी है।

# हाथरस हादसा साजिश जैसा: योगी आदित्यनाथ

**हाइकोर्ट के रिटायर्ड जज जांच करेंगे**


आजाद सिपाही संवाददाता

**हाथरस।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हाथरस हादसा साजिश जैसा है। लोग मरते गये। सेवादार वहां से भाग गये। उन्होंने न तो प्रशासन को सूचना दी और न ही मदद की। प्रशासन की टीम जब पहुंची, तो सेवादारों ने उन्हें आगे जाने नहीं दिया। हमने भी कुंभ जैसे बड़े आयोजन किये, लेकिन ऐसी चीजें नहीं हुईं। मुख्यमंत्री बुधवार को मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जांच के लिए एसआइटी का गठन किया है। हाइकोर्ट के रिटायर जज, पुलिस के सीनियर रिटायर ऑफिसर की टीम भी मामले की जांच करेगी। जो भी दोषी होगा, उसको सजा देंगे।

## प्रशासन पर भी उठ रही उंगली

**हाथरस। हाथरस हादसे में प्रशासन पर भी उंगली उठ रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारी हादसे से अपना पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं। जब प्रशासन ने सत्संग की अनुमति दी थी, तो वहां कितने लोग आ रहे? वहां की व्यवस्था कैसी है? सुरक्षा के क्या-क्या इंतजाम हैं? इन बातों की पहले क्यों नहीं जानकारी ली गयी। क्यों प्रशासन सत्संग की अनुमति देकर चुपचाप बैठ गया। जबकि किसी बड़ी सभा से पहले इन बातों को ध्यान देना प्रशासन की जिम्मेदारी है।**

गौरतलब है कि उत्तरप्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के बाद हुई भगदड़ में अब तक 132 लोगों की मौत हुई है। चार जिलों हाथरस, अलीगढ़, एटा और आगरा में रातभर शवों का पोस्टमॉर्टम हुआ। परिजन अपनों की लाश को लेकर इधर-उधर भटकते रहे। प्रशासन ने अब तक 121 मौत की पुष्टि की है। हादसा मंगलवार दोपहर 1 बजे फुलरई गांव में हुआ। बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे सीएम योगी भी हाथरस पहुंचे। जिला अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। घटनास्थल गये। अफसरों से पूरे हादसे की जानकारी ली। उधर, हाथरस हादसे में प्रशासन की पहली रिपोर्ट सामने आयी। इसमें कहा गया है कि हादसा भोले बाबा के चरणों की धूल लेने की वजह से हुआ। बाबा के सेवादारों ने लोगों से धक्का-मुक्की की। इससे भगदड़ मच गयी।




## राज्यसभा में प्रधानमंत्री के भाषण का विपक्ष ने किया बहिष्कार

# पेपर लीक के दोषियों को छोड़ेंगे नहीं: मोदी

- नीट परीक्षा, मणिपुर, आपातकाल, संविधान समेत अन्य विषयों पर बोले
- कांग्रेस, सोनिया, राहुल पर भी साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में नीट, मणिपुर, संविधान, कांग्रेस, पश्चिम बंगाल, रोजगार, भ्रष्टाचार, जम्मू-कश्मीर आदि का जिक्र किया, तो आपातकाल, सोनिया, राहुल आदि को लेकर कांग्रेस पर भी निशाना साधा।



प्रधानमंत्री ने जब कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर निशाना साधा, तो विपक्ष वॉकआउट कर सदन के बाहर निकल गया।

**क्या कहा प्रधानमंत्री ने:** प्रधानमंत्री जब 32 मिनट बोल चुके थे, तब विपक्ष के नेताओं ने सदन से वॉकआउट किया। वॉकआउट प्रधानमंत्री द्वारा सोनिया गांधी पर निशाना साधने के बाद हुआ। उन्होंने कहा कि ये लोग ऐसे हैं, जो ऑटो पायलट और रिमोट पायलट पर सरकार चलाने के आदी हैं। वे काम करने में विश्वास नहीं रखते, वे बस इंतजार करना जानते हैं। इस पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ बोले कि ये लोग मुझे नहीं, संविधान को पीठ दिखा रहे हैं। मोदी ने कहा कि कल उनकी सारी हरकतें फेल हो गयीं, इसलिए वे मैदान छोड़ कर भाग गये। नारे लगाना, चिल्लाना और भाग जाना, यही उनकी नियति है।

## प्रधानमंत्री ने कई मुद्दों पर की चर्चा

प्रधानमंत्री ने कहा कि पेपर लीक एक बड़ी समस्या है। मेरी इच्छा थी, सारे दल इस पर अपनी राय रखते, लेकिन यह मुद्दा भी इन्होंने राजनीति की भेंट चढ़ा दी। मैं देश के नौजवानों को आश्वस्त करता हूं कि आपको धोखा देनेवालों को यह सरकार छोड़नेवाली नहीं है। इन्हें सख्त सजा मिले, इसलिए एक के बाद एक एक्शन लिये जा रहे हैं। हमने इसके लिए सख्त कानून बनाया है। उन्होंने मणिपुर की चर्चा करते हुए कहा कि वहां की स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही हैं। उन्होंने संविधान, भ्रष्टाचार, जम्मू-कश्मीर, महिलाओं, सरकार के काम-काज और योजनाओं की चर्चा की। साथ ही कांग्रेस पर अल्पसंख्यक, ओबीसी और आपातकाल को लेकर निशाना साधा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 68,100 रु./10 ग्राम
चांदी 96,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# हेमंत सोरेन के सिर एक बार फिर झारखंड का ताज

## ■ अधिक मजबूत और आक्रामक बन कर लौटे हैं हेमंत सोरेन
## ■ झारखंड ही नहीं, पूरे देश में विपक्ष की राजनीति को देंगे नयी धार
## ■ बीते पांच माह ने परिपक्व बना दिया है झामुमो के कद्दावर नेता को

**झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन पांच महीने बाद एक बार फिर से झारखंड की सत्ता में लौट रहे हैं। इन पांच महीनों ने उन्हें राजनीतिक रूप से अधिक परिपक्व तो बना ही दिया है, वह अधिक मजबूत और आक्रामक भी हो गये हैं। तीन 'बी' (बैडमिंटन, बुक और बाइसाइकिल) को बेहद पसंद करनेवाले हेमंत सोरेन के साथ बात जब राजनीति की होती है, तो ये सभी चीजें भुला दी जाती हैं। उस समय वह सामान्य तौर पर अपने अंतर्मुखी व्यक्तित्व को एक सीधे-सपाट व्यक्ति में बदल देते हैं, जिससे साबित होता है कि राजनीति केवल उनका पारिवारिक मामला नहीं है, बल्कि यह कुछ ऐसी चीज है, जो उनकी व्यक्तिगत पसंद भी है। 48 वर्ष के हेमंत तीसरी बार झारखंड की इस हॉट सीट पर बैठने के लिए तैयार हैं। और इस बार उनके पास स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता शीर्ष और राजनीति के खट्टे-मीठे अनुभवों का खजाना भी है। इस बार हेमंत के लिए हिम्मत की बात यह है कि उनके कंधों पर आरोपों का वह बोझ भी नहीं है, जो उन पर लादा गया था। हाइकोर्ट ने साफ कहा है कि जिन आरोपों के आधार पर हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई की गयी, उसका कोई ठोस सबूत नहीं है। हेमंत सोरेन ने 2019 के विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल कर चार साल एक महीने तक झारखंड की कमान संभाली और अब पांच महीने के गैप के बाद फिर से उस जिम्मेदारी को संभालने जा रहे हैं। इस बार उनके अनुभवों में एक अध्याय इन पांच महीनों का भी जुड़ गया है, जब उन्हें सार्वजनिक जीवन से अलग जेल में रहना पड़ा। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के अलावा अदालती संघर्षों की आग में तप कर निकले हेमंत सोरेन इस बार अधिक मजबूत साबित होंगे, क्योंकि इस बार उनके साथ कई नयी बातें भी होंगी। इस बार एक मजबूत हाथ के रूप में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी उनके साथ हैं, जिन्होंने हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में लोकसभा चुनाव में अपने आपको स्थापित किया है। हेमंत सोरेन के साथ-साथ कल्पना सोरेन भी आज झारखंड की राजनीति में झंडा गाड़ चुकी हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं और यहां तक कि इंडी गठबधन दलों के समर्थकों के बीच उत्साह की धार प्रवाहित की। अगले चार-पांच महीने में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं और उसमें हेमंत सोरेन को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करना है। जेल जाने से पहले ही हेमंत सोरेन झारखंड में इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े नेता के रूप में उभरे थे, तो विधानसभा चुनाव में उनके सामने सत्ता में गठबंधन की वापसी का चैलेंज भी होगा। हेमंत के पास समय कम है, लेकिन वह इस कम समय में भी अपनी काबिलियत साबित करेंगे, यह उम्मीद की जानी चाहिए। क्या है हेमंत सोरेन के सामने चैलेंज और क्या होगा सत्ता में उनकी वापसी का असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

झारखंड के पहले राजनीतिक परिवार, यानी शिबू सोरेन परिवार के उत्तराधिकारी हेमंत सोरेन एक बार फिर झारखंड की सत्ता संभालने जा रहे हैं। 10 अगस्त, 1975 को शिबू सोरेन और रूपी सोरेन के दूसरे पुत्र के रूप में जन्म लेनेवाले हेमंत सोरेन तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे और वह राज्य के 13वें मुख्यमंत्री होंगे। इसी साल 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किये जाने से पहले नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देनेवाले हेमंत सोरेन की पांच महीने बाद सत्ता में वापसी हो रही है और जाहिर है कि इस बार वह अधिक मजबूत और आक्रामक होंगे।

किताब, साइकिल और बैडमिंटन के शौकीन हेमंत सोरेन 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद से झारखंड की सियासत के केंद्र में रहे। बड़े भाई दुर्गा सोरेन के असामयिक निधन ने हेमंत को राजनीति में धकेल दिया। हेमंत ने पटना हाई स्कूल से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की और बीआइटी मेसरा में इंजीनियरिंग में नामांकन लिया। बाद में उन्हें पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। तब तक राजनीति में उनके नाम की पुकार होने लगी थी। कई अवसरों पर यह संज्ञान में आया है कि हेमंत दयालु, गंभीर और कोमल हृदय के व्यक्ति हैं। हेमंत को अलग राज्य के लिए शिबू सोरेन द्वारा चलाये गये आंदोलन के दौरान कभी अपने पिता के साथ काम करने का मौका नहीं मिला, क्योंकि वह उस समय छोटे थे, लेकिन उन्हें राजनीति पसंद आने लगी थी। एक बच्चे के रूप में हेमंत हमेशा जिज्ञासु और कुछ नया सीखने की ललक लिये रहते थे। बचपन में भी हेमंत ने कभी जाति, नस्ल के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। उनमें यह गुण आज भी मौजूद है और हमेशा रहेगा। नफरत शब्द से हेमंत पूरी तरह अपरिचित हैं।

हेमंत की शादी कल्पना सोरेन से हुई है। वह एक प्ले स्कूल चलाती थीं और गृहिणी थीं, लेकिन हेमंत की गिरफ्तारी ने उनका जीवन पूरी तरह बदल दिया है। अब वह गांडेय से विधायक हैं और राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। लोकसभा चुनाव के दरम्यान कल्पना सोरेन ने भी अपनी एक मजबूत पहचान बनायी है। इसलिए इस बार हेमंत सोरेन के पास उनकी पत्नी के रूप में एक बड़ी ताकत है।



### हेमंत सोरेन का राजनीतिक सफर

मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन का पहला कार्यकाल बहुत छोटा रहा। वह 13 जुलाई 2013 से 28 दिसंबर 2014 तक मुख्यमंत्री रहे। इसके बाद 2014 में हुए आम चुनाव में चली मोदी लहर ने झारखंड को भी अपनी चपेट में ले लिया, लेकिन पांच साल बाद हेमंत स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटने में कामयाब हो गये। 2024 की शुरुआत तक हेमंत सोरेन ने राजनीतिक और प्रशासनिक मोर्चे पर अपनी पकड़ बेहद मजबूत बना ली थी, क्योंकि उन्होंने पूरी ताकत के साथ इमानदारी बरती। तमाम अवरोधों और विरोधों के बावजूद हेमंत सोरेन सत्ता में बन रहे। फिर 31 जनवरी, 2024 को उन्हें एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया। हेमंत के सार्वजनिक जीवन के सफर में लगे इस ब्रेक का भी उन्होंने बखूबी अपने पक्ष में इस्तेमाल कर लिया और परिणाम यह हुआ कि सहानुभूति के साथ-साथ हेमंत को राजनीतिक मजबूती भी मिली। हाइकोर्ट के आदेश पर जब हेमंत सोरेन जेल से बाहर आये, तो उन पर लगे वे आरोप भी धुल गये। हाइकोर्ट ने साफ कहा कि हेमंत सोरेन को जिस आरोप में जेल भेजा गया, उसका कोई ठोस सबूत जांच एजेंसी के पास नहीं है। सब कुछ संभावनाओं पर आधारित है।

2019 के 29 दिसंबर को झारखंड के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में जब हेमंत सोरेन शपथ ले रहे थे, तो शायद उन्हें भी मालूम नहीं था कि डबल इंजन की सरकार से विरासत के रूप में उन्हें कई चुनौतियां मिलने वाली हैं। हेमंत जब सीएम की कुर्सी पर बैठे, तो राज्य का खजाना खाली था। राज्य में विकास का पहिया पूरी तरह से रुका पड़ा था और व्यवस्था बेपटरी हो चुकी था। हेमंत बहुत जल्द समझ गये कि उनके सिर पर कांटों भरा ताज है और झारखंड को पटरी पर लाना वाकई बेहद चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने हिम्मत दिखायी और एक-एक कर इन चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीति बना कर काम शुरू किया। लेकिन वह अपनी रणनीति पर आगे बढ़ते, तभी कोरोना के संकट ने राज्य को अपनी चपेट में ले लिया। इस मुसीबत की घड़ी में एक तरफ लोगों की जान बचाने की चुनौती थी, तो दूसरी तरफ राज्य के गरीब और जरूरतमंदों का पेट भरने की जिम्मेदारी थी। इन सभी मोर्चों पर जूझते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनौतियों का सफलता से सामना किया और नतीजा सामने है। मुसीबत की इस घड़ी में उन्होंने न केवल खुद को राजनीति का एक माहिर खिलाड़ी साबित किया, बल्कि प्रशासनिक मोर्चे पर भी तमाम भविष्यवाणियों को गलत साबित कर दिया। कोरोना काल में प्रदेश में गरीबों और जरूरतमंदों को भरपेट भोजन उपलब्ध कराना, देशव्यापी लॉकडाउन के कारण देश के दूसरे हिस्सों में फंसे झारखंड के लोगों को सकुशल वापस लाना और फिर उन्हें काम देने की बड़ी चुनौती का सामना हेमंत ने पूरी ताकत और हिम्मत से किया। कोरोना से निपटने के बाद हेमंत सोरेन ने झारखंड के कुछ ज्वलंत मुद्दों पर निर्णायक फैसला किया। सरना धर्म कोड और आरक्षण की सीमा को बढ़ाने के लिए उन्होंने विधानसभा से प्रस्ताव पारित कराया। यह प्रस्ताव उनके विरोधी दलों के लिए राजनीतिक फांस बन गया। यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले चार साल में झारखंड ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। मुख्यमंत्री बनने से एक सप्ताह पहले हेमंत ने दुनिया को आश्वस्त किया था कि वह बदले की भावना से कोई काम नहीं करेंगे। इस भरोसे को उन्होंने कायम रखा। उन्होंने कहा था कि अब हर फैसला झारखंड के हितों को ध्यान में रख कर किया जायेगा और पिछले चार साल में उनका एक भी फैसला राज्य हित के खिलाफ नहीं गया है। चाहे कोरोना संकट हो या कोयला खदान की नीलामी, प्रवासी मजदूरों के लिए विशेष ट्रेन की व्यवस्था करने का सवाल हो या गरीबों के लिए दूसरी कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने का मामला, हेमंत ने साबित कर दिया कि वह सचमुच काम में यकीन रखते हैं। यही कारण है कि उन्होंने अपने शासन काल के पहले छह महीने में राज्य के प्रशासनिक ढांचे में कोई बड़ा फेरबदल नहीं किया था।

मुख्यमंत्री के रूप में अपने चार साल के कार्यकाल में हेमंत सोरेन ने एक ऐसी लकीर खींच दी, जो किसी भी मुख्यमंत्री ने नहीं किया। देश के टॉप सीएम के रूप में पहचान बनाना किसी इतिहास से कम नहीं है। हेमंत सोरेन जब मुख्यमंत्री बने थे, तो गरीबों और जरूरतमंदों में एक उम्मीद और आस जगी थी। सभी लोग अपनी उम्मीद लेकर सीएम से मिलते रहे और हेमंत सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास कर रहे थे। इस चार साल के दौरान हजारों जरूरतमंदों को वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, छात्रवृत्ति और सामाजिक सुरक्षा की दूसरी योजनाओं का लाभ मिल चुका था। सबसे बड़ा काम उन्होंने राज्य में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर किया। यह झारखंड के लिए सुखद संकेत है। झारखंड की आगे की चुनौतियां हेमंत सोरेन जैसे मुख्यमंत्री के फौलादी इरादों के आगे शायद ही अवरोध पैदा कर सकें। हेमंत के लिए पांच महीने का ब्रेक नया अनुभव लेकर आया है, जिससे वह अधिक मजबूत और परिपक्व हुए हैं। चूंकि चार महीने बाद ही झारखंड में विधानसभा के चुनाव हैं, उम्मीद की जानी चाहिए कि इस चुनाव में हेमंत सोरेन अपना बेस्ट फारफार्मेंस दिखायेंगे।

---

# अगस्त में फिर से स्कूलों की मॉनिटरिंग

## 2700 स्कूलों, 120 प्रखंड संसाधन केंद्रों का होगा निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट की राज्यस्तरीय अनुश्रवण के दूसरे चरण की शुरुआत अगस्त में होगी। इस बार अनुश्रवण के लिए विद्यालयों की संख्या भी बढ़ायी गयी है। अप्रैल में 700 विद्यालयों का राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया था। इस बार इस संख्या को बढ़ाकर 2700 कर दिया गया है।

प्रत्येक जिले के सौ से अधिक विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रोजेक्ट इंपैक्ट के अनुपालन संबंधी विषयों की गहनता से जांच की जायेगी। अप्रैल में अनुश्रवण हो चुके विद्यालयों का भी औचक निरीक्षण कर वहां कार्य प्रगति की जांच की जायेगी। यह निर्देश बुधवार को जेइपीसी के निदेशक आदित्य रंजन ने समावेशी शिक्षा और प्रोजेक्ट इंपैक्ट से संबंधित समीक्षा बैठक में दी।

आदित्य रंजन ने कहा कि इस बार केवल सरकारी विद्यालयों का नहीं, बल्कि राज्य के 120 प्रखंड स्तरीय संसाधन केंद्रों का भी औचक अनुश्रवण होगा। अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक जिलों के पांच रिसोर्स सेंटर्स का औचक निरीक्षण किया जायेगा। इन केंद्रों में नियमित रजिस्टर अद्यतन, शिक्षण सामग्री, बच्चों के सर्टिफिकेशन, स्वामी विवेकानंद छात्रवृत्ति योजना के कार्यान्वयन, नियमित कक्षाएं, पौधरोपण अभियान की विस्तृत समीक्षा की जायेगी। रिपोर्ट के आधार पर लापरवाह रिसोर्स शिक्षकों और प्रखंड संसाधन केंद्रों से संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध एक्शन लिया जायेगा। इन केंद्रों में समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की जांच के लिए अलग से कमेटी बनायी जायेगी।



### बेहतर प्रखंड संसाधन केंद्र होंगे पुरस्कृत

आदित्य रंजन ने समीक्षा बैठक में कहा कि बेहतर प्रखंड संसाधन केंद्र को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा पुरस्कृत और प्रोत्साहित किया जायेगा।

उन्होंने सभी संसाधन शिक्षकों को संबंधित बीआरसी से जुड़े बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो विहित प्रपत्र में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

---

# जिप सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल ग्रामीण विकास सचिव से मिला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लातेहार जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं को लेकर ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन और पंचायती निदेशक निशा उरांव से मुलाकात की। जिप अध्यक्ष पूनम देवी और उपाध्यक्ष अनिता देवी ने बताया कि जिला परिषद के सदस्यों को निर्वाचित हुए लगभग दो वर्ष का कार्यकाल पूरा हो गया, पर सदस्यों को इस दौरान विभागीय अव्यवस्था, मान-सम्मान में कमी और सुविधा के अभाव में कई समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं, जिससे वे काफी निराश हैं।

जिप सदस्यों ने जिले के उपविकास आयुक्त सुरजीत सिंह के द्वारा उनके वाहन के आवंटन को रद्द करने, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के ड्राइवर को कार्य मुक्त करने, ड्राइविंग लाइसेंस को रद्द करने के फैसले की भी जानकारी दी। जिप के उपाध्यक्ष अनिता देवी और सदस्यों ने कहा कि यह नियम संगत नहीं है। उन्होंने इस पर त्वरित कार्रवाई की भी मांग की। जिला परिषद की नियमित समीक्षा बैठक भी कराने को लेकर सचिव और पंचायती राज निदेशक से गुहार लगायी गयी।

# राजद का स्थापना दिवस 5 जुलाई को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बुधवार को कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस 5 जुलाई को प्रदेश कार्यालय रांची में धूमधाम से मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव स्थापना दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कहा कि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री और राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव उपस्थित रहेंगे।

---

# राहुल के बयान को गलत दिशा में मोड़ने पर प्रदीप यादव ने किया प्रहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राहुल गांधी का हिंदुत्व को लेकर दिये गये बयान को लेकर विधायक प्रदीप यादव ने बाबूलाल मरांडी और निशिकांत दुबे पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से राहुल गांधी ने निर्भीकता के साथ अपनी बातें रखी हैं, उससे उनके प्रधानमंत्री, गृह मंत्री के साथ-साथ यहां के नेता भी तिलमिला गये हैं। असली पोल खुलने के डर से झूठी बातों का नाकाब देकर उसे ढंकना चाहते हैं। भाजपा के लोग धर्म का व्यापार करते हैं। राहुल गांधी ने सत्य कहने का प्रयास किया। कहा कि सच में हिंदू आइडोलॉजी में हिंसा का कहीं कोई स्थान नहीं है। इसमें सहिष्णुता का स्थान है। हिंदू सहिष्णु होते हैं। भाजपा के तथाकथित जो खुद को हिंदू का ठेकेदार मानते हैं, इसके गलत स्वरूप को सामने लाने का प्रयास किया।



राहुल गांधी ने भगवान शंकर की तस्वीर सामने रख कर यह बताना चाहा कि कभी भी हिदू हिंसक नहीं रहे हैं। ये लोग भ्रमित करके हिंदुओं को सामने ले जा रहे हैं। गलत दिशा में ले जा रहे हैं। ये केवल धर्म के नाम पर वोट की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि इसको भी जनता ने नकार दिया। अयोध्या के बारे में उन्होंने कहा कि खुद राम नगरी में भाजपा को नकार दिया। जनता इनके असली रूप देख चुकी है।

# शिक्षक और छात्रों से पुस्तक उठाव कार्य पर जिलों से मांगा स्पष्टीकरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य शिक्षा परियोजना को पिछले कुछ दिनों से लगातार शिकायत मिल रही है, जिसमें छात्रों और शिक्षकों से प्रखंड स्तरीय कार्यालय में पुस्तक उठाव कार्य कराने की जानकारी दी गयी है। ऐसे में राज्य शिक्षा परियोजना परिषद् की ओर से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। पत्र परियोजना निदेशक की ओर से जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि शिक्षकों और छात्रों से पाठ्य पुस्तकों का उठाव करना गंभीर और चिंता का विषय है। इसका व्यय भी शिक्षक और छात्र ही वहन कर रहे हैं। जिलों द्वारा इस आदेश के विरुद्ध कार्य किया जा रहा है, जिससे विभाग की छवि खराब हो रही है। विगत कई बैठकों में जिला को सामग्री के भंडारण और ससमय विद्यालयों तक पहुंचाने के लिए परिवहन खर्च के लिए वार्षिक रूप से दर निर्धारण के लिए निदेशित किया गया है, लेकिन जानकारी मिल रही है कि जिला द्वारा जानबूझ कर यह कार्य नहीं किया जा रहा है। इस संबध में परियोजना निदेशक ने रांची और जामताड़ा के जिला शिक्षा पदाधिकारी से पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण परियोजना कार्यालय को सौंपने का आदेश दिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.2 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.06 बजे |



# मुख्यमंत्री आवास में विधायक दल की बैठक





# राज्य सरकार संताल में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करे और उन्हें वापस भेजे : हाइकोर्ट

**देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा के डीसी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश**

**मुख्य सचिव को बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई पर नजर रखने का आदेश**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां जनसंख्या की स्थिति में कुप्रभाव को लेकर डेनियल दानिश की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिया आपकी जमीन पर रह रहे हैं और तमाम सुविधाएं उठा रहे हैं। इनको चिह्नित करना होगा और इन्हें वापस बांग्लादेश भेजना होगा। कोर्ट ने देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे बांग्लादेश की तरफ से आने वाले घुसपैठियों को चिह्नित कर उन्हें वापस भेजें। इसके अलावा बांग्लादेशी घुसपैठियों का झारखंड में प्रवेश रोकें।

कोर्ट ने इन उपायुक्तों को शपथ पत्र दाखिल कर बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ की गयी कार्रवाई के संबंध में दो सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले में मुख्य सचिव को भी निर्देश दिया है कि वह उक्त छह जिलों के डीसी द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई के संबंध में खुद निगरानी रखें। कोर्ट ने मौखिक कहा कि यह किसी राज्य या जिले का मुद्दा नहीं है, बल्कि देश का मुद्दा है। विदेशी घुसपैठियों को भारत में प्रवेश करने से हर हाल में रोकना होगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई निर्धारित की है।

# एचइसी के मुद्दे को लेकर उद्योग मंत्री से मिले संजय सेठ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली में केंद्र सरकार में भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी से मुलाकात की। एचइसी के पुनरुद्धार और अन्य समस्याओं के समाधान पर सकारात्मक बातचीत हुई। इधर, सीएमडी कोप्पू सदाशिव मूर्ति ने नयी दिल्ली में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार मुलाकात की। वर्तमान में एचइसी का कार्यभार भी इनके जिम्मे ही है। एचइसी से जुड़े कई विषयों पर सकारात्मक बातचीत हुई।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** कामकाज में अनपेक्षित परिस्थितियों के बावजूद कुछ तात्कालिक समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

**वृष** मन में विचित्र आशंकाएं और दुर्भावनाएं पैदा होंगी, अप्रत्यक्ष शत्रुओं से मार्मिक पीड़ा होगी।

**मिथुन** हर्ष-विषाद की समानता, अनेक विपदाओं का सामना करना होगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

**कर्क** आर्थिक स्थिति सुदृढ़, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में विपदायें व मानसिक तनाव कम होगा।

**सिंह** नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

**कन्या** विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी।

**तुला** सरकारी सेवा से जुड़े हैं तो आपको अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, हर काम में अड़चन आयेगी।

**धनु** सरकारी उच्चाधिकारियों पर निजी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नवीन व्यापारिक योजना सफल।

**मकर** रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, निराशा दूर होगी।

**कुंभ** धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**मीन** भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# बांग्लादेशी घुसपैठियों पर हाइकोर्ट का निर्देश स्वागत योग्य: बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए राज्य सरकार को निर्देश दिये, जो स्वागत योग्य है। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा लंबे समय से बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सदन से सड़क तक आवाज उठा रही है। पूरे प्रदेश में राज्य सरकार की तुष्टीकरण नीति के कारण घुसपैठियों को संरक्षण प्राप्त है। कहा कि स्थिति ऐसी भयावह हो चुकी है कि पूरे संथाल परगना की डेमोग्राफी ही बदल गयी है। कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में आदिवासी समाज की जमीन पर घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है। लव जिहाद के नाम पर बहन-बेटियों से शादी कर जमीन लूटे जा रहे हैं। कहा कि 1951 से 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि मुसलमानों की जनसंख्या अप्रत्याशित ढंग से बढ़ी है। आदिवासी समाज की जनसंख्या घट रही है। कहा कि उच्च न्यायालय ने इस समस्या के समाधान के लिए जो गंभीरता दिखायी है, उससे राज्य का बड़ा भला होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्यायालय के निर्देश के आलोक में अविलंब जिलों से रिपोर्ट मांगे और विधि सम्मत कारवाई सुनिश्चित कराये।

# जगन्नाथपुर रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**40 सीसीटीवी और पांच वॉच टावर लगेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर में रथ यात्रा 7 जुलाई को निकाली जायेगी। रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा के लिहाज से 40 सीसीटीवी कैमरा, चार ड्रोन और पांच वाच टावर लगाये जायेंगे। राजकीय मध्य विद्यालय को अग्निशमन केंद्र बनाया जायेगा। रथ यात्रा के दौरान मंदिर परिसर और मेले में लगभग एक हजार से अधिक महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की जायेगी। इसके अलावा 12 से अधिक दंडाधिकारी को भी तैनात किया जायेगा। सुरक्षा के लिहाज से सात जगहों पर बैरिकेडिंग की गयी है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि रथ यात्रा और मेला को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की जायेगी। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जायेगी। वहीं दूसरी और भगवान जगन्नाथ के रथ का रंग रोगन का कार्य पूरा हो चुका है।

मंदिर कमेटी के प्रथम सेवक ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने बताया कि जगन्नाथपुर रथ यात्रा के दौरान मेले में लगभग 300 छोटे-बड़े दुकान लगेगी। दरी बिछाकर फूल-माला और प्रसाद बेचने वाले से अधिकतम शुल्क 100 रुपये लेने का मंदिर समिति का निर्देश है। वहीं अन्य दुकानों से सामने की चौड़ाई के आधार पर भाड़ा वसूल करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही स्थानीय लोगों को निःशुल्क दुकान लगाने दिये जायेंगे।

# चंपाई को सीएम पद से हटाना दुर्भाग्यपूर्ण: हिमंता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि झारखंड में झामुमो-कांग्रेस पार्टी द्वारा एक वरिष्ठ आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री पद से हटाया जाना अत्यंत दुखद है। यकीन है कि झारखंड की जनता इस फैसले की कड़ी निंदा करेगी और इसे दृढ़ता से खारिज करेगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने अपने लिखा कि चंपाई सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता के साथ सोरेन परिवार का यह व्यवहार बहुत शर्मनाक और निंदनीय है। वैसे भी सरकार तो जेल से हेमंत सोरेन ही चला रहे थे, लेकिन जेल से जमानत पर बाहर आते ही फिर से गद्दी पर बैठने के लिए बेकरार हो उठे। पिछले पांच सालों झारखंड को शर्मशार करने की कोई भी कसर हेमंत सोरेन ने नहीं छोड़ी है।

## सांप्रदायिक शक्तियों का उन्मूलन प्राथमिकता: बंधु तिर्की

# जनहित की उपेक्षा स्वीकार नहीं: नेहा तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि सांप्रदायिक शक्तियों का उन्मूलन और मांडर का सभी पांच प्रखंडों का तीव्रता के साथ करना है। भाजपा ने आज तक झारखंड के साथ ही यहां के आदिवासियों, मूलवासियों, अन्य पिछड़े वर्ग के साथ ही झारखंड के सभी लोगों के विकास के लिए कभी भी सच्चे मन से काम किया और ना ही कभी इसमें रुचि ली, बल्कि हर निर्णायक मौके पर झारखंड और यहां के लोगों के साथ विश्वासघात किया है। राजधानी के दलादली चौक स्थित दुल्हन बैंक्वेट हॉल में आयोजित मांडर विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय बहुत अधिक चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ जोखिम से भी भरा है। कांग्रेस के किसी भी पदाधिकारी और कार्यकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर की जा रही लापरवाही किसी भी हाल में स्वीकार नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के लिए न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश में जनहित के प्रति समर्पित होकर काम करते रहना ही कांग्रेसियों की सबसे बड़ी जरूरत है। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव ने यह प्रमाणित कर दिया है कि मांडर में कांग्रेस पार्टी एक परिवार की तरह है और वह एकजुट होकर न केवल अपनी बल्कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करने और लोगों की तरक्की के लिए उन्हें हरसंभव अवसर उपलब्ध कराने की ताकत रखती है। समारोह में मांगा उरांव, मो इश्तियाक, रमेश महली, जयंत बारला, करमा उरांव, जमील मल्लिक, शमीम अख्तर, शिव उरांव, फिलिप एक्का, अमानत अंसारी, मोदस्सीर हक, बेरोनिका, आबिद अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

# हाइकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश होंगे जस्टिस विद्युत रंजन षाड़ंगी



**रांची (आजाद सिपाही)। ओड़िशा हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षाड़ंगी झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह जानकारी साझा की है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि झारखंड हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर का ट्रांसफर राजस्थान हाइकोर्ट में किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। जस्टिस षाड़ंगी इसी वर्ष 20 जुलाई को सेवानिवृत्त होनेवाले हैं।**

# चेंबर अध्यक्ष से मिले डेली मार्केट संघ के पदाधिकारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डेली मार्केट संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से मिल कर डेली मार्केट में पर्याप्त नागरिक सुविधाओं की जरूरतों को उपलब्ध कराने में सहयोग का आग्रह किया। डेली मार्केट में जलजमाव, साफ-सफाई सहित अन्य नागरिक सुविधाओं पर चर्चा करते हुए अवगत कराया कि डेली मार्केट थाना के समीप पूर्व में अवस्थित पार्किंग को हटा दिये जाने से कठिनाई हो रही है। पार्किंग की पर्याप्त सुविधा नहीं होने के कारण दुकानदार और ग्राहक सड़कों पर गाड़ियां लगाने को विवश होते हैं, जिस कारण रोड में सदैव जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं डेली मार्केट में स्थित फल और सब्जी की थोक मंडी को शहर से दूर स्थानांतरित करने की आवश्यकता भी बतायी गयी। डेली मार्केट के दुकानदारों की समस्या को वास्तविक समझते हुए चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने इस मामले में जल्द ही नगर प्रशासक से मिल कर उचित कार्रवाई के लिए आश्वासन दिया। महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि फल और सब्जी की थोक मंडी होने के कारण डेली मार्केट में शहरवासियों का आवागमन अधिक होता है। जरूरी है कि निगम द्वारा मंडी की साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की जाये। उन्होंने डेली मार्केट के दुकानदारों की सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। मौके पर डेली मार्केट संघ के सदर जावेद, डब्बू, फिरोज समेत चेंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, पूर्व अध्यक्ष कुणाल आजमानी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, सुनील सरावगी उपस्थित थे।

**जन अधिसूचना**

दक्षिण पूर्व रेलवे के निम्न वर्णित खण्ड के पूरा हो चुके खण्ड पर स्थित रेल लाइनों एवं परिसरों का इस्तेमाल करने वाले सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि खण्ड के सामने वर्णित तिथि को या उसके बाद वर्णित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हट्‌र्ज ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन वायर ऊर्जीकृत किया जाएगा। उक्त तिथि से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन हर समय सक्रिय मानी जाएगी एवं कोई अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के पास न जाएगा और न ही उसके समीप कार्य करेगा।

**क्रम सं., ओएचई खण्ड का विवरण** निम्नानुसार हैं: **1.** कुरकुरा (यार्ड को छोड़कर) किमी. 502/04 सीएच.502/047.30 – महाबुआंग-बानो (यार्ड को छोड़कर) खंड किमी. 517/24 सीएच.517/686.50 के बीच नई संयुक्त लाइन-2, **किमी. में ओएचई की लंबाई : 15639.20. 2.** बानो (यार्ड को छोड़कर) किमी. 519/14 सीएच. 519/341.15- कनरोआं (यार्ड को छोड़कर) खंड किमी. 525/02 सीएच. 525/016.10 के बीच नई संयुक्त लाइन-2, **किमी. में ओएचई की लंबाई : 5674.95. 3.** नई लूप लाइन सं. 4- एमसीजेड यार्ड में किमी: एमसीजेड/1002 (सीएच. 510/386.90) से किमी: एमसीजेड/1052 (सीएच. 511/445.30) तक, **किमी. में ओएचई की लंबाई : 1058.4. 4.** एमसीजेड यार्ड में लाइन नं. 3 और 4 (एचटीई सिरा) किमी. 510/12 (सीएच. 510/349.00) से किमी. एमसीजेड/1012 (सीएच.510/625.50) के बीच नया क्रॉसओवर पॉइंट नं. 102ए/बी,. **किमी. में ओएचई की लंबाई : 303.50. 5.** एमसीजेड यार्ड में लाइन नं. 3 और 4 (बीएनडीएम सिरा) किमी. 511/22/1 (सीएच.511/472.30) से किमी. एमसीजेड/1042 (सीएच.511/247) के बीच नया क्रॉसओवर पॉइंट नं. 109ए/बी, **किमी. में ओएचई की लंबाई : 225.30. 6.** केएनआरएन सिरे पर लाइन नं. 3 और 2 (एचटीई सिरा) किमी 524/34 (सीएच. 524/921.10) से किमी. 525/04 (सीएच. 525/174.65) के बीच नया क्रॉसओवर पॉइंट नं. 115ए/बी, **किमी. में ओएचई की लंबाई : 253.55, रेलवे:** दक्षिण पूर्व रेलवे। **मंडल:** राँची। **ऊर्जीकरण की अनुमानित तिथि: 04.07.2024**

**ए.सी. 25 केवी ट्रैक्शन की शुरुआत**
**"सड़क उपयोगकर्ताओं के प्रति सतर्कता"**

जनसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **दक्षिण पूर्व रेलवे** के खंड/यार्ड पर 25 केवी ए.सी. इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन शुरू किए जाने के सिलसिले में, लेवल क्रॉसिंग पर सड़क स्तर से ऊपर **4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई** के साथ हाइट गेज बनाए गए हैं, ताकि अत्यधिक ऊँचाई पर लदे बोझ सक्रिय ट्रैक्शन वायर **(कॉन्टैक्ट वायर) जो कि लेवल क्रॉसिंग पर रेल लेवल से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊँचाई पर होगा,** के संपर्क में न आ पाए या खतरनाक तरीके से समीप न जा पाए।

जनसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वाहनों में लदान के समय निर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और देख लें कि सड़क वाहन में लादे गए सामान किसी भी परिस्थिति में हाइट गेज का उल्लंघन न करें। अत्यधिक ऊँचाई पर लादे गए बोझ के खतरे निम्नानुसार हैं:

**क्रम सं. 1, कुरकुरा-महाबुआंग खंड के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट नं. एचबी-44 लोकेशन:** किमी.510/8-510/10 (महाबुआंग स्टेशन)। **ऊर्जीकरण की तिथि: 04.07.2024,**

(i) हाइट गेज के लिए खतरा और इसके फलस्वरूप सड़क एवं रेलवे लाइन में बाधा। (ii) वहन की जा रही सामग्री या उपकरण या स्वयं वाहन के लिए खतरा। (iii) कंडक्टर के संपर्क में आने या खतरनाक तरीके से समीप आने पर आग लगने का खतरा एवं जीवन पर जोखिम।

मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण), राँची

(PR-343)

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा





## डीपी ज्वेलर्स लूटकांड मामला

# बिहार और ओड़िशा में रांची पुलिस कर रही छापेमारी, छह गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के समीप डीपी ज्वेलर्स में हथियार के बल पर हुई लूटपाट के मामले में रांची पुलिस की टीम ने लुटेरों को गिरफ्तार करने के लिए बिहार और ओड़िशा के कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की है। पुलिस छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लूट मामले में पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस की जांच में पता चला है कि अपराधी जो बाइक छोड़ फरार हुए थे। उस बाइक का नंबर हावड़ा के एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस की टीम उस व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटा रही है। लुटेरों ने




लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद एक बाइक को एयरपोर्ट रोड में छोड़ दिया था। इसके बाद लुटेरे दूसरी बाइक से फरार हो गये थे।

पुलिस को आशंका है कि जब्त की गयी बाइक चोरी की है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने लूट मामले का खुलासा करने के लिए एसआइटी का गठन किया है। एसआइटी टीम में सिटी एसपी राजकुमार मेहता, तीन डीएसपी, सात थाना प्रभारी और 16 सब इंस्पेक्टर को शामिल किया गया है। टीम लगातार लूटेरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। बता दें कि बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में 28 जून को चार अपराधी हथियार के बल पर लगभग 1.50 करोड़ के आभूषण लूटकर फरार हो गये थे। इस मामले में संचालक ओम वर्मा के बयान पर जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। लूटपाट के दौरान संचालक को अपराधियों ने गोली मार दी थी। इससे वह घायल हो गये थे।

# राजधानी में चला ड्रंक एंड ड्राइव अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर रांची में ड्रंक एंड ड्राइव और एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। एसएसपी ने बुधवार को बताया कि जिले में बीते दो जुलाई की देर रात सभी थाना क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों में सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए ड्रंक एंड ड्राइव सह एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराधियों पर लगाम कसना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों के जरिये विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की गयी और संदिग्ध वाहनों की जांच की गयी। चेकिंग के दौरान ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के



खिलाफ सख्त कार्रवाई की गयी। साथ ही विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी कठोर कदम उठाये गये। पुलिस ने कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। इस चेकिंग अभियान का उद्देश्य केवल यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि आपराधिक गतिविधियों पर भी रोक लगाना था। एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर रहेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### प्रथम तिमाही में 8114 करोड़ की आय

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेल को चालू वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में माल ढुलाई से 6789.98 करोड़ और यात्री यातायात से 1171.10 करोड़ सहित अन्य सभी स्त्रोतों से कुल 8114.33 करोड़ की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई। पिछले वर्ष के जून माह तक प्राप्त प्रारंभिक आय 7516.57 करोड़ रुपये के तुलना में 7.95 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही में पूर्व मध्य रेल द्वारा लगभग 6.07 करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया, जो पिछले वर्ष के इसी अवधि के दौरान पूर्व मध्य रेल से यात्रा किये गये 5.48 करोड़ यात्री की तुलना में 10.75 प्रतिशत अधिक है। यात्री यातायात से प्रथम तिमाही में 1171.10 करोड़ की आय प्राप्त हुई। चालू वित्तीय वर्ष में ग्रीष्माकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर अप्रैल से जून माह तक पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से देश के विभिन्न शहरों के लिए 216 समर स्पेशल ट्रेन द्वारा 1625 फेरे लगाये गये, जिनसे 181.59 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ । पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना टिकट और उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। इसकी रोकथाम के लिए निरंतर अभियान जारी है, ताकि उचित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। इसी कड़ी में चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में कुल 10.47 लाख बिना टिकट या बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्री पकड़े गये, जिनसे जुर्माना के रूप में 68.55 करोड़ रुपये की राजस्व की प्राप्ति हुई।

### सुबोध लॉ क्लासेस के 20 विद्यार्थियों ने पायी सफलता



रांची (आजाद सिपाही)। सुबोध लॉ क्लासेस के 20 विद्यार्थियों ने झारखंड न्यायिक पीटी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस परीक्षा में 20 विद्यार्थी सफल हुए हैं। साक्षी राही, ऋषा सिंह, अभिषेक वर्मा और स्तुति ने सामान्य वर्ग में सफलता प्राप्त की है, जबकि अनुप्रिया, कुंदन, अब्दुल, सुमित ने ओबीसी वर्ग में सफलता प्राप्त की है। एसटी वर्ग के विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। एसटी वर्ग में दीपक मुंडा, दीपशिखा कुजूर, राजेंद्र बेदिया, निकिता मिंज, सोनाली टोप्पो, अंजलि किस्कू, निरेन कोनगारी, निरंजन भगवार ने सफलता प्राप्त की है। इडब्ल्यूएस में विष्णु ने सफलता प्राप्त की है, जबकि एससी वर्ग से भी कई विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। संस्थान के निदेशक सुबोध कुमार ने विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी।

### समाज कल्याण संगठन में अध्यक्ष बने सोहेल



रांची (आजाद सिपाही)। समाज कल्याण संगठन सभी वर्गों के सामाजिक कार्यों के लिए मजदूर वर्ग के लोगों के उत्थान और जनकल्याण के लिए यह संगठन बनाया गया है। संगठन में सर्वसम्मति से पदाधिकारयों का चुनाव किया गया। इसमें अध्यक्ष-सोहेल राम, उपाध्यक्ष-राजू राम, कोषाध्यक्ष-दीपू राम संजू, सचिव-संतोष राम, सह सचिव-गोपाल रवि, महामंत्री-रतन राम,कृष्णा राम, मंत्री-सनी राम, मीडिया प्रभारी-भरत राम, सोशल मीडिया प्रभारी-आलोक रवि को बनाया गया।

### दवा व्यवसायियों ने सुरक्षा पर जतायी चिंता



रांची (आजाद सिपाही)। श्रद्धानंद रोड दुकानदार समिति के दवा व्यवसाय से जुड़ी समस्या पर विचार विमर्श के लिए बैठक हुई, जिसमें दवा व्यवसाय से संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गयी, जिसमें प्रमुख रूप से वैसे खुदरा व्यापारी जो माल ले कर पैसा नहीं देते हैं, उनको प्रतिबंधित करने पर विचार हुआ और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की गयी। अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि सुरक्षित वातावरण बनाना प्राथमिकता है। बैठक में संरक्षक रवि शर्मा, अध्यक्ष प्रवीण लोहिया, आशीष अग्रवाल, हेमंत कुमार, अनिल गुप्ता, राजू अग्रवाल, रंजीत अग्रवाल, जमील अहमद, सुबोध कुमार, गोपाल, महेश चौधरी, सुभाष, अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

### खेल निदेशक संदीप कुमार ने किया पदभार ग्रहण

रांची (आजाद सिपाही)। खेल निदेशक संदीप कुमार ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व खेल निदेशक सुशांत गौरव ने बुके देकर उनका स्वागत किया। मौके पर उप निदेशक खेल मनीष कुमार, साझा के संयुक्त निदेशक राज किशोर खाखा समेत विभाग के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यभार संभालने के बाद खेल निदेशक संदीप कुमार ने कहा कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में सरकार ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, जिस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आगे बढ़ाने का प्रयास करना है। उन्हें निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का प्रयास करेंगे।

### जमीन कारोबारी की जमानत अर्जी पर सुनवाई 12 को

रांची (आजाद सिपाही)। जमीन घोटाला मामले में आरोपी मोहमद अफसर अली की जमानत याचिका पर अब पीएमएलए की विशेष कोर्ट में 12 जुलाई को सुनवाई होगी। मामले में इडी की ओर से जवाब दाखिल किया जा चुका है। 13 मई को याचिका दायर कर आरोपी अफसर ने जमानत की गुहार लगायी है। दरअसल, 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में इडी ने उसे 17 अप्रैल को प्रोडक्शन रिमांड पर लिया है। अफसर अली जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने का मास्टरमाइंड है। सेना की कब्जे वाली जमीन फर्जीवाड़ा में 14 अप्रैल 2023 को इडी ने उसे गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वह जेल में है।

# छात्र परिषद लगायेगा 101 पौधा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड छात्र परिषद की आरे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मां के नाम एक पौधा कार्यक्रम के तहत रांची के विभिन्न क्षेत्रों में 101 पौधा का रोपण करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत रांची स्थित स्वामी विवेकानंद सरोवर से राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा की गयी। श्री मिश्रा ने सभी से मां के नाम एक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। उस वृक्ष को बचाने की भी अपील की। श्री मिश्रा ने बढ़ते हुए ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए सभी लोगों से ज्यादा



से ज्यादा संख्या में वृक्ष लगाने की अपील की। कार्यक्रम में लंकेश सिंह, उपेंद्र रजक, राजीव सिंह, इंदर सिंह, मो परवेज, रंजीत पासवान, मो अकबर, जीतेंद्र साहू, प्रदीप कुमार, पंकज पासवान, चंदन कुमार, अविनाश पासवान, बीरू पासवान, अमन कुमार सहित दर्जनों सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नयासराय रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण अक्टूबर तक पूरा करे सरकार: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट के निकट स्थित नयासराय रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण अक्टूबर 2024 तक पूरा करने की कोशिश की जाये। क्योंकि इसका निर्माण पांच वर्ष से जारी है, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया जा सका है। नयासराय रेलवे ओवर ब्रिज झारखंड हाइकोर्ट और रिंग रोड को भी जोड़ता है। हाइकोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को उक्त दिशा-




निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 18 जुलाई निर्धारित की है। दरअसल, किरण कुमारी ने हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ओवरब्रिज बनाने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि सरिया मेन रोड, जहां से रेलवे क्रॉसिंग गुजरती है, वह अत्यंत व्यस्त रहती है। इससे रेलवे फाटक बंद होने पर प्रतिदिन वाहनों का जाम लग जाता है। ऐसे में कुछ लोग रास्ता पार करने का प्रयास करते हैं, जिससे दुर्घटना घट जाती है। प्रार्थी ने इस रेलवे ब्रिज का जल्द निर्माण पूरा करने का आग्रह किया है। मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होनी है।

# इक्फाइ विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इक्फाइ विश्वविद्यालय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो विजय कुमार सिंह ने कहा कि न्यास शिक्षा बचाओ आंदोलन समिति की पहल के साथ मिलकर काम करता है। इस न्यास का घोषित लक्ष्य मौजूदा शिक्षा प्रणाली के लिए एक वैकल्पिक प्रणाली की स्थापना करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह संस्था शिक्षा के




पाठ्यक्रम, प्रणाली, पद्धति और नीति में बदलाव को आवश्यक मानती है। इसके लिए शिक्षाविदों को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए।

इस समारोह के मुख्य अतिथि कोयलांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो अंजनी श्रीवास्तव थे। उन्होंने चरित्र निर्माण, वैदिक गणित के महत्व, शिक्षा प्रणाली और न्यास के अन्य 16 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया। राष्ट्र निर्माण के इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और मानव का विकास है। इक्फाइ विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति और न्यास के क्षेत्र के अध्यक्ष प्रो रमन कुमार झा ने रोजगार क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली और जीवन कौशल से संबंधित पाठ्यक्रमों को शामिल करने पर जोर दिया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो हरिओम पांडेय, डॉ सुनील कुमार झा, डॉ धर्मराज कुमार और शहर भर के अन्य वरिष्ठ और शिक्षाविद मौजूद थे।

# जेपीएससी की गोपनीयता पर सवाल: अमन अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनएसयूआइ जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि जेपीएससी मुख्य परीक्षा की कॉपी जांचने के लिए आयोग द्वारा जिन 155 परीक्षकों को बुलाया गया है, उनको पतरातू डैम में पिकनिक मनवाना उचित नहीं है। इससे जेपीएससी द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा की गोपनीयता पर सवाल खड़ा हो गया है। आयोग के इस कृत्य की वजह से राज्य



सरकार की बदनामी हो रही है और जेपीएससी के प्रति अभ्यर्थियों में अलग तरह का माहौल बना गया है।

# एयरपोर्ट से गिरफ्तार युवक को मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की कोर्ट ने बुधवार को रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रायफल की गोली के साथ गिरफ्तार युवक को जमानत दे दी है। कोर्ट ने उस युवक को 20-20 हजार के दो निजी मुचलके जमा करने की शर्त पर जमानत दी है। आरोपित की ओर से अधिवक्ता




प्रीतांशु सिंह ने बहस की।

बता दें कि 20 जून को एयरपोर्ट से एक युवक के पास से रायफल की एक गोली बरामद हुई थी। उसका नाम आकाश कुमार साव है। वह पहले भी मर्डर केस में जेल जा चुका है। वह लोअर बाजार थाना क्षेत्र के चर्च रोड का रहने वाला है। वह रांची से एयर इंडिया की फ्लाइट से दिल्ली जा रहा था। इसी क्रम में चेकिंग के दौरान उसे गोली के साथ गिरफ्तार किया गया था।

# झारखंड को मिली चार खेलों की मेजबानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024-25 एसजीएफआइ के लिए झारखंड को चार खेलों की मेजबानी मिली है। इसकी सूचना एसजीएफआइ ने दी है। राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि सभी चारों खेलों का आयोजन स्कूली शिक्षा-ााक्षरता विभाग की मेजबानी में रांची में आयोजित की जायेगी।




# राज्य सरकार ने दिया चढ़ावा को बढ़ावा: आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम सातवें दिन भी जारी रहा। बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते आम लोगों को हो रही समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार ने जनता के लिए कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के बजाये सरकारी कार्यालयों में केवल चढ़ावा को बढ़ावा देने का काम किया है। जनसेवा की शपथ लेने वाले अधिकारी गरीबों का कोई काम नहीं कर रहे हैं। आज बिना पैसे दिये आम लोगों का किसी भी प्रखंड, अंचल या नगर इकाई




कार्यालयों में काम नहीं हो रहा है। इस अराजकता से राज्य की जनता परेशान है। भ्रष्टाचार, सरकारी कामकाज में घोर अनियमितता, बेरोजगारी, पलायन ही सरकार की उपलब्धि है। हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से आजसू पार्टी आम जनता की आवाज बन रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार को बस अपनी कुर्सी की चिंता है जनता की नहीं। राज्य में जनता के ऊपर अफसरशाही हावी है। जनता त्रस्त और अफसर मस्त हैं।

# चुटिया में नॉलेज हब लाइब्रेरी की शुरुआत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नॉलेज हब लाइब्रेरी आरोही हाइट्स केतारी बागान चुटिया का उद्घाटन सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने फीता काट कर किया। कहा कि चुटिया जैसी घनी आबादी में इस तरह की सुविधा के साथ लाइब्रेरी होने से विद्यार्थियों को फायदा होगा। लाइब्रेरी हर छात्र जीवन का एक हिस्सा होता है। यह लाइब्रेरी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य में कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर यहां अच्छे-अच्छे शिक्षक और मोटिवेशनल गाइड को बुलाकर विद्यार्थियों का मनोबल को बढ़ाने का भी काम किया जायेगा।

# नये आपराधिक कानून, व्यवहार में होगी परख

तमाम उम्मीदों और आशंकाओं के बीच देश में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता ((बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हो चुकी हैं। ये तीनों कानून मौजूदा भारतीय दंड संहिता (आइपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य कानून की जगह लेने वाले हैं। लेकिन इसमें दशकों लग सकते हैं। जाहिर है, तब तक देश में नये और पुराने दोनों कानून साथ-साथ चलेंगे। इसकी अपनी चुनौतियां होंगी।

**सरकार आश्वस्त:** विपक्षी दलों से जुड़े नेता ही नहीं, कई विशेषज्ञ भी इन कानूनों के लागू किये जाने को लेकर कुछ सवाल और संदेह जताते रहे हैं। लेकिन सरकार इन्हें लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जहां विपक्षी दलों के सुझाव सुनने की तैयारी दिखायी है, वहीं यह भरोसा भी जताया है कि नये कानूनों से मुकदमे निपटाने की प्रक्रिया में तेजी आयेगी। यही नहीं, उनके मुताबिक इन कानूनों से दोष साबित होने की दर 90% तक बढ़ायी जा सकेगी।

**इंसाफ की कसौटी:** ये दोनों ही लक्ष्य अच्छे कहे जायेंगे बशर्ते इस क्रम में इंसाफ की संभावना को कोई नुकसान न हो। विलंब से न्याय को अन्याय के बराबर माना गया है, लेकिन जल्दी आया फैसला भी अच्छा नहीं कहा जायेगा अगर वह सभी पक्षों को आश्वस्त नहीं कर सके कि इंसाफ हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए कि नये कानूनों के तहत बनने वाली व्यवस्था भी 'इंसाफ न सिर्फ होना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए' की कसौटी पर सौ फीसदी खरी उतरेगी।

**अनुसंधान में तकनीक की भूमिका बढ़ाने का विचार अच्छा है, लेकिन जांच प्रक्रिया का मसला काम के बोझ से जुड़ा है। फोरेंसिक टीम वैसे भी कई मामलों की जांच से जुड़ी काम के बोझ से दबी रहती है।**

**पुराने की जगह नया:** इस बात से किसी को इनकार नहीं हो सकता कि पुराने पड़ चुके कानून हटाये जाने चाहिए। लेकिन अंग्रेजों के जमाने के औपनिवेशिक कानूनों में पूरे रद्दोबदल के तर्क से लाये गये इन नये कानूनों में भी यह शिकायत दूर नहीं हुई। चाहे मानहानि हो या राजद्रोह, इनसे जुड़े प्रावधान अभी भी किसी न किसी रूप में कानून में शामिल हैं। वैवाहिक बलात्कार को अपराध के दायरे में लाने की जरूरत भी पूरी नहीं हुई है।

**काम का बोझ:** अनुसंधान में तकनीक की भूमिका बढ़ाने का विचार अच्छा है, लेकिन जांच प्रक्रिया का मसला काम के बोझ से जुड़ा है। फोरेंसिक टीम वैसे भी कई मामलों की जांच से जुड़े काम के बोझ से दबी रहती है। जाहिर है, इसकी कार्यक्षमता बढ़ाने में पर्याप्त ऊर्जा लगाने की जरूरत होगी। उसके बगैर उचित प्रक्रिया में सुधार कागजों से आगे बढ़ना मुश्किल होगा।


**नागरिक अधिकारों की गारंटी:** बहरहाल, तीनों नये आपराधिक कानूनों का लागू होना एक बड़ा कदम है। इसे लेकर अभी से संदेह और निराशा का माहौल बनाने की जरूरत नहीं है। मगर याद रखना होगा कि व्यवहार में इन बदलावों के लिए भी सबसे बड़ी कसौटी यही होगी कि संविधान द्वारा प्रदत्त व्यक्तिगत स्वतंत्रता और नागरिक अधिकार सुनिश्चित करने के लिहाज से ये कितने प्रभावी साबित होते हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की 60 प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे, तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। यह बेहद चिंताजनक है कि शारीरिक निष्क्रियता का लगातार बढ़ना अब तक देश में बड़ा मुद्दा नहीं बन सका है, जबकि यह स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से ही नहीं, सामाजिक दृष्टिकोण से भी खतरनाक है।**

# चिंताजनक है भारत में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना

**ललित सिंह**



**भारत** में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है। लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिंता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आइना दिखाने वाली है, जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा, तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर 60 प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिंताजनक है।

लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गया है। साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही हैं, क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढाल एवं निस्तेज देखा जाता है, तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडंबना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होते दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आयी है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है।

**इस जटिल से जटिलतर होती समस्या से मुक्ति के लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा।**

भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की 60 प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे, तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी-रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिए शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है।

निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है। रिपोर्ट गंभीर चिंतन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है, तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिए जरूरी सुविधाओं का घर के आसपास उपलब्ध हो जाना भी है, ऑनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की 60 फीसदी से अधिक आबादी कृषि और उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है। कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है, क्योंकि धीरे-धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों और तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। कृषि क्रांति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। इन स्थितियों ने भी व्यक्ति को आलसी, अकर्मण्य एवं सुस्त बनाया है। इस शारीरिक निष्क्रियता के मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना और सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं में भी बढ़ते सुविधा के साधनों के कारण श्रमशीलता कम हुई है। कुछ दूर पर सब्जी-फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने-चुने लोग ही नजर आते हैं। व्यक्तियों में प्रातः भ्रमण, योग, ध्यान, व्यायाम की गतिविधियों में भी कमी देखने को मिल रही है।

इस जटिल से जटिलतर होती समस्या से मुक्ति के लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा। खुद को छोटी-मोटी असुविधाओं के लिए तैयार करना होगा। कभी-कभार थोड़ा कम नींद लेने, कम खाने या फिर ज्यादा देर काम कर लेने की मानसिकता को बल देना होगा। जरा सी चुनौती सामने आने पर बेचैन न हों, उसे नया सीखने के मौके और नये अनुभव के रूप में देखना होगा। अक्सर जब कुछ नया करने के लिए कदम बढ़ाते हैं, तो पुरानी आदतें एवं आराम की मानसिकता तुरंत परीक्षा लेने आ जाती हैं। हमें ललचाती हैं या फिर खुद को थोड़ा ढील देने के लिए कहती हैं। मन भी खुद को बड़ी आसानी से समझाने लगता है कि कुछ देर और सो जाने और मीठा खा लेने, फोन पर बात करने या काम को कल पर टालने से कुछ गड़बड ऩहीं होगा। कुल मिलाकर हम मन के बहकावे में आने लगते हैं और खुद को छूट देने लगते हैं, जो हमें सुस्त, आलसी एवं निस्तेज बनाता है।

विचित्र स्थिति यह भी है कि लोगों की व्यस्तता में एक अजीब किस्म की बढ़ोतरी हुई। जीवन व्यस्त से ज्यादा अस्त-व्यस्त हुआ है। जरूरी कामों को छोड़ कर तमाम लोग रोजाना पांच से सात घंटे या इससे भी ज्यादा समय अपने स्मार्टफोन या अन्य तकनीकी संसाधनों, सोशल मीडिया एवं अन्य आभासी मंचों पर समय बर्बाद करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान घर से काम करने का प्रचलन बढ़ा। उसने भी लोगों को ज्यादा शिथिल होने में भूमिका निभायी है। देर रात तक जगना एवं सुबह देर तक सोना, इस तरह बिगड़ती दिनचर्या एवं शरीर की प्राकृतिक घड़ी का चक्र बिगड़ने से दिन भर आलस्य बना रहता है। ताजा अध्ययन में पता चला कि 195 देशों में भारत अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता के मामले में 12वें स्थान पर है। इसके अलावा लैंसेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर एक तिहाई वयस्क, यानी लगभग 1.8 बिलियन लोग 2022 में अनुशंसित शारीरिक सक्रियता को पूरा करने में विफल रहे, जिसके कारण मधुमेह एवं हृदय रोग का खतरा मंडरा रहा है। भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों में महिलाओं में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि चिंता का विषय बनी हुई है, क्योंकि वे पुरुषों की तुलना में 14-20 फीसदी से अधिक पीछे हैं। अध्ययन के अनुसार, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में महिलाएं अधिक सक्रिय हैं। भारत में बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता, आलसीपन एवं सुस्ती को दूर करने के लिए समग्र जन-चेतना को जगाना होगा। सरकार को भी शारीरिक श्रम की योजनाओं को बल देना होगा। शारीरिक सक्रियता में कमी की वजहों और नतीजों पर अगर गौर नहीं किया गया, तो इन सबका समुच्चय आखिर व्यक्ति को विचार, कर्म, शरीर से कमजोर ही नहीं, बल्कि बीमार बनायेगा, जो आजादी के अमृतकाल को धुंधलाने का बड़ा कारण बन सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### चार पदों के लिए सात उम्मीदवार मैदान में, 1800 सदस्य करेंगे भाग्य का फैसला

# गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवा संघ पूर्वी सिंहभूम का चुनाव 7 जुलाई को

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवा संघ केंद्रीय कमिटि के निर्देश पर देश की आजादी के बाद पहली वार पूर्वी सिंहभूम जिले में 7 जुलाई को संगठन का चुनाव प्रक्रिया संपन्न होना है। जिसको लेकर कर गृहरक्षको में काफी उत्साह देखा गया। बुधवार को प्रदेश प्रवक्ता कमल शर्मा के नेतृत में एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव के लिए जगह चिन्हित करने के लिए डीसी कार्यालय पहुंचे। प्रदेश प्रवक्ता कमल शर्मा ने बताया जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, कोषा अध्यक्ष और महिला अध्यक्ष के लिए चुनाव कराया जा जरा है, जिसमे एक महिला समेत 7 उमीदवार के द्वारा शपथ पत्र भरा गया है। साकची जेल चौक सामुदायिक भवन में 7 जुलाई को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक 4 पद के लिए 7 प्रतिनिधि का चयन किया जाएगा। आजादी के बाद पहली वार पूर्वी सिंहभूम जिले में 1800 सदस्य वोटिंग के माध्यम से अपना प्रतिनिधि का चयन करेंगे। इस अवसर पर राजू ओझा समेत अन्य शामिल रहे।

### वित रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक 5 को रांची में

मुसाबनी (आजाद सिपाही)। वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा से संबंधित राज्य के सभी इंटरमीडिएट कॉलेज, उच्च विद्यालय , संस्कृत विद्यालय एवं मदरसा विद्यालय के प्राचार्य व प्रधानाचार्ययों, शिक्षक प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक आगामी 5 जुलाई को पूर्वाहन 11:30 से सर्वोदय निकेतन उच्च विद्यालय धुर्वा में आयोजित की गई है। इस बैठक में पूरे राज्य से प्रिंसिपल एवं प्रधानाध्यापकों को भाग लेने की अपील की गई है ।इस बैठक में मोर्चा अध्यक्ष मंडल के नेता रघुनाथ सिंह द्वारा आगामी आंदोलन एवं मोर्चा के सटीक रणनीति पर चर्चा की जायेगी।बैठक 80 प्रतिशत अनुदान वृद्धि के प्रस्ताव को मंत्री परिषद में भेजवाने पर विचार, वित्त रहित शिक्षकों और कर्मियों को राज्य कर्मी का दर्जा एवं वेतन देने के विभागीय प्रस्ताव जो कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग में लंबित है उसपर निर्णय करने पर विचार, अनुदान की राशि जो 27 प्रतिशत बांकी है उसे संस्थानों में जल्द भेजवाने पर विचार, कई उच्च विद्यालयों के 2020-21 के अनुदान राशि भेजने पर विचार ,इंटरमीडिएट कॉलेज में सीट वृद्धि की संचिका जो मुख्यमंत्री के पास है,उसपर यथा शीघ्र मुख्यमंत्री के अनुमोदन करने पर विचार किया जायेगा।

# डीएसपी कार्यालय में हुई थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुसाबनी।** मुसाबनी डीएसपी कार्यालय में बुधवार को इंस्पेक्टर और थाना प्रभारियों के साथ डीएसपी संदीप भगत ने अपराध नियंत्रण और पुराने मामलों के निष्पादन को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इसमें डीएसपी संदीप भगत ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था की समीक्षा किया। उपस्थित इंस्पेक्टर और सभी थाना प्रभारियों को डीएसपी ने निर्देश दिया कि अपने- अपने थाना क्षेत्रों में अवैध शराब भट्टी ,जुआ, सट्टा, छिनतई और अन्य अपराधों पर अंकुश लगाये। इसके साथ ही विशेषकर ग्रहभेदन,वाहन चोरी, पोक्सो एक्ट,एन डी पी एस एक्ट के साथ ही शातिर अपराधी का भौतिक सत्यापन करने की समीक्षा की गयी। इन सभी मामलों पर त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आने वाले त्यौहार प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के साथ ही मुस्लिम समुदाय के पर्व मुहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने पर भी विचार विर्मश किया गया। बैठक में जादूगोड़ा और मुसाबनी सर्किल इंस्पेक्टर हरमन तिग्गा, मुसाबनी थाना प्रभारी रजनीश आनंद, जादूगोड़ा थाना प्रभारी अनंत मार्डी, डुमरिया थाना प्रभारी सुगना मुंडा, गुड़ाबन्दा थाना प्रभारी पवन कुमार, पोटका थाना प्रभारी सहदेव सिंह, एवं कवाली के थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान, सहित डीएसपी कार्यालय के रीडर रवि कुमार, मदन कुमार, संतोष कुमार उपस्थित थे।

### जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षकों की बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन

# कोल्हान विवि में संथाली भाषा का एक भी शिक्षक नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण : सरस्वती मुर्मू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड में जनजातीय और क्षेत्रिय भाषाओं में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए संथाल स्टूडेंट यूनियन के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। बुधवार को डीसी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन के दौरान डीसी के माध्यम से राज्य के सीएम और शिक्षा मंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा गया। संथाल स्टूडेंट यूनियन के सरस्वती मुर्मू ने बताया कि झारखण्ड बने 24 साल बीत गये, लेकिन जनजातीय और क्षेत्रिय भाषाओं को कोई महत्व नहीं दिया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष शिक्षक बहाली निकली जा रही है, लेकिन जनजातीय और क्षेत्रिय भाषाओं में शिक्षक बहाली नहीं हो रही है। कहीं ना कहीं इन भाषाओं को लेकर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। समाज के साथ हो रही अन्याय का सभी शिक्षक गण विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे कोल्हान में संथाली भाषा के लिए एक भी शिक्षक नहीं है। बहुत ही दुखद की बात है। राज्य सरकार से मांग करते हैं विधानसभा चुनाव के पहले शिक्षक बहाली किया जाये, अन्यथा आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर समाज के सैकड़ों शिक्षक और शिक्षिका सहित अन्य शामिल रहे।

# होटल सोहराय गार्डन का स्टाफ बना रहा था ग्राहकों का अंतरंग वीडियो, पुलिस पहुंची

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चांडिल।** टाटा- रांची नेशनल हाईवे 33 पर जयदा स्थित होटल सोहराय गार्डन के स्टाफ के द्वारा अश्लील वीडियो बनाने का मामला प्रकाश में आया है। स्टाफ की करतूत से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जारहा स्टाफ के द्वारा लेडिज टॉयलेट में कपड़ा बदल रही एक युवती का अश्लील वीडियो बना लिया गया। उसके बाद होटल में देर रात तक हो- हंगामा होता रहा। हंगामा के बीच मौका मिलते ही अश्लील वीडियो बनाने वाला स्टाफ मौके से फरार हो गया।घटना बीते देर शाम की बताई जा रही है। सूचना के बाद चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव दलबल के साथ होटल पहुंचे। उन्होंने मामले की जानकारी लेने के बाद उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। इस दौरान पीड़ित युवती आरोपी युवक को पकड़कर वीडियो डिलीट कराने और उसके खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग पर अड़ी रही। होटल संचालक बिनय यादव ने लड़की को लिखित रूप से होटल के स्टाफ को पकड़ने और उचित कार्रवाई करने में सहयोग करने का भरोसा दिया। इसके बाद युवती अपने साथियों के साथ घर लौट गयी । मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में यह पहला मामला सामने आया है। जहां मंगलवार को कुछ युवक व युवती चांडिल घुमने पहुंचे थे। इस दौरान सभी ने चांडिल डैम,जयदा मंदिर समेत अन्य स्थानों का भ्रमण कर शाम को होटल सोहराय गार्डन में नाश्ता करने पहुंचे थे। एक युवती बाथरूम के अंदर थी। उसी समय होटल का कमचारी बाथरूम के वेंटिलेटर से अश्लील वीडियो बनाने लगा था। इतने में वेंटिलेटर पर मोबाइल फोन देखते ही युवती ने शोर मचा दी। जिसपर होटल के अन्य कर्मचारी और युवती के साथी बाथरूम के पास पहुंच गए। इस दौरान सभी ने वीडियो बनाने वाले कर्मचारी को देख लिया था। चांडिल प्रभारी वरुण यादव ने बताया मामले की जाँच की जा रही हैं। फरार अपराधी को जल्द ही पकड़ लिया जायेगा।

## सघन एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में ब्रीद एनालाइजर का उपयोग किया पुलिस ने



रंका (आजाद सिपाही)। रंका पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर नशापान कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चेकनाका के पास ब्रिद एनालाइजर का उपयोग करते हुए औचक रूप से आने जाने वाले सभी मालवाहक वाहनों, सवारी गाड़ियों (बस) और मोटरसाइकिल चालकों को चेक किया गया। ज्ञात हो कि जब से पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पदभार ग्रहण किया है, तब से इसके द्वारा सघन रूप से एंटी क्राईम चेकिंग नियमित रूप से अलग अलग स्थानों एवं समय पर चलाया जा रहा है। इन्होंने रंका के भारतीय स्टेट बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक रंका और गोदरमाना शाखा का भी सुरक्षा की दृष्टिकोण से निरीक्षण किया था। जिसमें एटीएम के पास और बैंक में अनावश्यक भीड़ भाड़ नहीं लगाने का हिदायत किया है क्योंकि पूर्व में चोर उचक्को के द्वारा दो महिलाओं से पैसा लूट कर फरार होने की घटना घट चूकी है। इसके मद्देनजर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रवीण कुमार की कार्रवाई सराहनीय है।

## बिजली तार की अर्थिंग की चपेट में आने से पशु की मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पंडरिया पंचायत के राकेश यादव का एक पालतू पशु बिजली तार के अर्थिंग के चपेट में आने से घटना स्थल पर ही बुधवार तीन बजे के आसपास मृत्यु हो गयी। घटना के बारे में पीड़ित राकेश यादव ने बताया कि गांव के पांडे बांध के पास बिजली विभाग के द्वारा ट्रांसफार्मर लगाया गया है। जिसमें वर्षा के दिनों में उसमें लगे अर्थिंग में करेंट प्रवाह हो जाता है। जिसके कारण कुछ दिन पूर्व एक बकरी की मृत्यु हो गयी थी। कई बार ग्रामीण भी इसके चपेट में आ चुके है। इस तरह करंट प्रवाह होने को लेकर बिजली विभाग को सूचना देने के पश्चात आज तक ठीक नही किया गया। जिसके लापरवाही के कारण दो पशुओं की मौत हो चुकी है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति खाशा आक्रोश है।

## सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत तीन लोग घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर श्रीबंशीधर नजर मुख्य पथ पर शिवपूजन पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की शाम बोलेरो गाड़ी के धक्के से बाईक सवार एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गये। घायलों में थाना क्षेत्र अंतर्गत बुका के लंगड़ी टोला निवासी सह प्राथमिक विद्यालय के सहयोगी शिक्षक बनवारी राम, पत्नी लालती देवी तथा उनके दामाद ब्रजेश राम का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को ईलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ब्रजेश राम अपने ससुर बनवारी राम और सास लालती देवी को बाईक पर बैठाकर भवनाथपुर बाजार से लंगड़ी स्थित अपने ससुराल जा रहा था, तभी मुख्य पथ पर पेट्रोल पंप के समीप बोलरो चालक ने पीछे से उनके बाईक में टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार उक्त तीनों लोग घायल हो गये। उधर दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचकर घायलों का घटना की जानकारी ली।

## भारतीय जनता पार्टी सगमा मंडल की बैठक



सगमा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी सगमा मंडल के द्वारा बैठक आयोजित कर आठ जुलाई को श्री बंसीधर नगर में होने वाले बूथ कार्यकर्ता सम्मान समारोह को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उक्त आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि अगले छह जुलाई को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिन के अवसर पोधा रोपण पखवारा का शुभारंभ पार्टी के द्वारा किया जायेगा। जिसमे एक पौधा मां के नाम से लगाया जायेगा। इसमें सभी लोगों को जोड़ते हुए वृहत रूप से पौधा रोपण किया जाना है, इसके लिए सभी कार्यकर्ता एक एक पौधा अपने मां को खड़ा कर इसकी रोपाई करेंगे। जिनकी मां नहीं है, वैसे लोग अपनी अपनी मां का फोटो के साथ पौधा रोपण कर फोटो लेकर पार्टी ग्रुप में शेयर करेंगे। साथ ही आठ जुलाई को श्री बंसीधर नगर स्थित डाक बंगला परिसर में लोक सभा सांसद विष्णु दयाल राम और विधायक भानु प्रताप शाही के हाथों से सबसे अधिक मत भाजपा को जीतने वाले प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान वाले सभी बूथ पदाधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा। जिसमे सभी बूथ से दस कार्यकर्ताओं को उक्त सम्मान समारोह में शामिल करवाने की जिम्मेवारी निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर अन्य करकर्ताओं के साथ मुख्य रूप से सगमा मंडल प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा, धर्मजीत यादव, बबलू ठाकुर, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष धनंजय यादव सहित मंडल के सभी बूथ अध्यक्ष संयोजक उपस्थित थे।

## सुनील इलेक्ट्रॉनिक का हुआ शुभारंभ



केतार (आजाद सिपाही)। केतार कांडी कोल रोड स्थित सुप्रसिद्ध श्री सूर्य मंदिर मोड़ मुकुंदपुर में बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना कर न्यू सुनील इलेक्ट्रानिक का शुरूआत हुआ। लोगों को इलेक्ट्रानिक उपकरण मोटर, पंखा, समरसेबल, वाशिंग मशीन, इनभतर, कूलर, फ्रीज बनवाने के लिए प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता था। अब न्यू सुनील इलेक्ट्रोनिक खुल जाने से लोगों को उचित किम्मत परमें इलेक्ट्रॉनिक सामानो मरम्मती और नये इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीद सकते है। प्रोपराइटर सुनील ने बताया कि हमारे यहां सस्ती दामों में नेय इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और उसकी मरम्मती की जाती है। इस मौके पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह समाज सेवी योगेंद्र कुमार सिंह, अनिल मेहता, मिथलेश पंडित, उदय शंकर वैद्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है : एसडीपीओ

**जांच के दौरान प्रेमी जोड़े के साथ मारपीट करने, वीडियो बनाने और वीडियो वायरल करने के मामले में चार गिरफ्तार**





नगर उंटारी के बिलासपुर में प्रेमी प्रेमिका की पिटाई करते लोग और गिरफ्तार चारों आरोपी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी पुलिस ने थाना क्षेत्र के बिलासपुर में मंगलवार को प्रेमी प्रेमिका जोड़े की बेरहमी से पिटाई किये जाने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त रस्सा और घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग करने में प्रयुक्त मोबाईल को जब्त कर लिया है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बुधवार को नगर ऊंटारी थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के बिलासपुर में मंगलवार को एक प्रेमी जोड़े को बिलासपुर के ग्रामीणों के द्वारा रस्सा से बांध कर पिटाई किये जाने और पिटाई से संबंधित वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि जितेंद्र कुमार, सअनि प्रेमदान लकड़ा और पुलिस बल ने बिलासपुर पहुंचकर मामले की जांच की। जांच के दौरान प्रेमी जोड़े के साथ मारपीट करने, वीडियो बनाने और वीडियो वायरल करने के मामले में चार लोगों दिलीप कुमार, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, चंदन विश्वकर्मा और सुखदेव विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार चारों लोगों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्याय हिरासत में भेज दिया।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर की घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। अगर इस तरह के मामले सामने आते हैं, तो लोग सबसे पहले गांव के मुखिया, बीडीसी और पुलिस को तत्काल सूचना दें।

एसडीपीओ ने श्री बंशीधर नगर अनुमंडल वासियों से अपील करते हुये कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में इस तरह की घटना होने पर वे पुलिस को तत्काल सूचना दें, पुलिस विधिसम्मत कार्रवाई करेगी। प्रेसवार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह और थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में नाबालिग की मौत और एक गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** थाना क्षेत्र के ताली गांव के चांदनी चौक के समीप केतार - कांडी कोल रोड पर बाइक से गिरने से 17 वर्षीय अनुज गुप्ता पिता धर्मेंद्र साह की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि परसोडीह निवासी बुलाकी साह उम्र करीब 50 वर्ष अपने घर से केतार की ओर जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे अनुज गुप्ता बुलाकी साह को चपेट में लेते हुए गिर गये। जिससे अनुज गुप्ता को घटनास्थल पर ही मौत हो गया। बुलाकी साह गंभीर रूप से घायल हो गये। समाजसेवी नागेंद्र ठाकुर सहित स्थानीय लोगों ने तत्काल गंभीर रूप से घायल बुलाकी साह को प्राथमिक उपचार के लिए भवनाथपुर भेज दिया। मौत की सूचना शीघ्र थाना प्रभारी को दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी दलबल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा, परंतु परिजन और स्थानीय लोगों ने विरोध किया। थाना प्रभारी ने इस घटना की सूचना इंस्पेक्टर केके साहू को दिया। सूचना पाते ही इंस्पेक्टर के-के साहू घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर शव को हिरासत में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। इस मौके पर समाजसेवी नागेंद्र ठाकुर, अनीश गुप्ता सहित काफी लोग उपस्थित थे।

**Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited.**
(CIN: U40108JH2013SGC001703)
OFFICE OF THE PROJECT MANAGER
Subarnarekha Hydel Project, Sikidiri (Ranchi)
e-mail – srhp.sikidri@gmail.com, Mobile – 9431707312

**CORRIGENDUM**

In Tender Notice 03/PR/JUUNL/2024-25, 04/PR/JUUNL/2024-25 & 05/PR/JUUNL/2024-25 published on 03.07.2024, the cost of tender document (non-refundable) should be read as **Rs. 500 /- + GST@18%** instead of Rs. 500 /-.

Other terms and condition will remain unchanged.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

PR No. 328431
PR 328535 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(24-25)D

# सभी लोग मिलकर परिवर्तन यात्रा को सफल बनायें : गिरिनाथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का परिवर्तन यात्रा जारी है। इसी क्रम में बुधवार को कार्यक्रम का प्रारम्भ रंका आखाड़ा में पूजा अर्चना और स्व. जेठन सिंह, स्व. फेतल सिंह और जननायक कपूर्री ठाकुर के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। यात्रा के माध्यम से वे आमजनों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर समाधान का प्रयास कर रहे है। विभिन्न प्रखंडों का दौरा करते हुए यह यात्रा रंका पहुंचा। मौके पर बोलते हुए गिरिनाथ सिंह ने कहा कि 10 वर्ष पूर्व और आज की स्थिति के तुलना में रंका का बेहतर विकास नहीं हो सका है। पूर्व की योजनाएं ही आज भी धरातल पर विद्यमान है। आजकल के जनप्रतिनिधि अपने स्वजनों के ठेका और रोड के अलकतरा को ही बेचने में पूरी तरह संलग्न है। कुछ चंद लोगों का विकास ही वे संपूर्ण गढ़वा का विकास मानते है। बदलते समय के साथ जनता यह जान चुकी है की हमारे दुःख सुख में सदैव सहयोगी कौन है। निश्चित तौर पर जनता तन-मन-धन के साथ बदलाव के लिए बेहतर विकल्प अवश्य चुनेगी।

आज की यात्रा दूधवल, बाराडीह, मखातु , आमाटांड, जून सहित विभिन्न क्षेत्रो का दौरा के साथ मूलभूत सुविधाओं के विकास पर चर्चा के साथ सम्पन्न हुआ। मौके पर मुख्यरूप से रामलखन यादव,अकबर अल्ली, सुनील माली, शिवशंकर सोनी, सुलपानी सिंह, सेठा सिंह, भागवत सिंह, बिनोद सिंह, ऋषि ठाकुर, कर्मचारी भूइहर, पतीया देवी पूर्व मुखिया, सुमित्रा देवी जलशिया, सुदेश मांझी वार्ड, लखन भूइहर, पवन पांडेय सहित हजारो की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
(एन.आर.ई.पी.), चतरा
Email Add: nrepchatra@gmail.com

**शुद्धि-पत्र**

एन. आर. ई. पी., चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट DMFT मद योजना अन्तर्गत् ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/21/2023-24, दिनांक– 09.03.2024, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 28.03.2024 है, जिसका P.R. No. 322023 NREP (23-24)D है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि 10.07.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 19.07.2024 अपराहन 5.00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.07.2024 पूर्वाह्न 2.00 बजे।
4. अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा

PR 328538 NREP (24-25)_D

## डंडई पुलिस ने 25 मवेशियों को पकड़ा



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई पुलिस ने पशु तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें पुलिस ने डंडई हनीफ पेट्रोल पंप के समीप से तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 25 मवेशियों को मध्य रात्रि को पकड़ लिया है और सभी मवेशियों को जब्त कर थाना भवन लाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि पशुओं की तस्करी के लिए लोग डंडई नाहर रोड की रास्ता गढ़वा की ओर ले जा रहे थे। इसी बीच गुप्त सूचना पर पुलिस ने सभी गाय बैल को पकड़ कर थाना ले आयी। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि सूचना मिली थी की तस्करी के लिए बड़ी संख्या में गाय बैल को तस्कर डंडई नाहर रोड की रास्ता से ले जा रहे है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्करी के लिए ले जा रहे मवेशियों को जब्त कर लिया। जब्त मवेशियों को जरूरत मंद किसानों के बीच रख रखाव के लिए वितरित किया जायेगा। वहीं पशु तस्कर मवेशी छोड़कर भाग निकले है। इस संबंध मे अज्ञात पशु तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# उपायुक्त ने बरडीहा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया, दिया निर्देश



**कई कमी पायी गयी, जिसे एक सप्ताह के अंदर सुधार कर प्रतिवेदित करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय बरडीहा का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय बरडीहा का निरीक्षण किया गया, जिसके दौरान आगत पंजी निर्गत पंजी, कार्यालय में कर्मचारियों की कुल पद उपलब्धता और रिक्ति के साथ-साथ सभी प्रकार के रोकड़ पंजी का जांच किया।

प्रखंड कार्यालय द्वारा संचालित सभी प्रकार की योजनाएं तथा मनरेगा के तहत बिरसा सिंचाई कूप, टीसीबी, डोभा, आम बागवानी, दीदी बाड़ी योजना से संबंधित योजना पंजी, रिकॉर्ड, अभिश्रव आदि का गहनता से जांच किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, अबूआ आवास योजना, 15वें वित्त द्वारा संचालित योजना, खाद्यान्न वितरण, साइकिल वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अभिलेख का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विजय कुमार अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, रवीश राज सिंह भूमि सुधार उप समाहर्ता गढ़वा और प्रखंड विकास अधिकारी प्रखंड कार्यालय बरडीहा, अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थें। निरीक्षण के दौरान कुछ पंजियों आदि में कुछ कमी पायी गई, जिसे एक सप्ताह के अंदर अद्यतन करते हुए सुधार कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि बारी-बारी से इसी प्रकार गढ़वा जिला के सभी प्रखंड और अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया जायेगा। प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के बाद अंचल कार्यालय बरडीहा का निरीक्षण किया गया। जिसमे अंचल कार्यालय में उपलब्ध कर्मियों की संख्या राजस्व कर्मचारियों की संख्या, हल्कावार लंबित म्यूटेशन, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकार के प्रमाण पत्रों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी, जिसमें निष्पादित किये गये और लंबित मामलों पर जानकारी लिया गया।

**Jharkhand Exploration and Mining Corporation Limited**
झारखण्ड अन्वेषण एवं खनन निगम लि0
(A Government of Jharkhand Undertaking)
(झारखण्ड सरकार का एक उपक्रम)
JSFC Building, 4th Floor, Kadru, Ranchi, Jharkhand-834002
(CIN: U14200JH2022SGC017995)

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड अन्वेषण एवं खनन निगम लिमिटेड (JEMCL), जो झारखण्ड सरकार का एक उपक्रम है, के कार्यालय एवं भूतात्विक अन्वेषण कार्य (Geological investigation/field work) हेतु विभिन्न वाहनों के मासिक/दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु इच्छुक स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है। अतः, सभी सेवाप्रदाता वाहन एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि उक्त वाहनों को किराये पर लिए जाने हेतु मासिक तथा दैनिक किराया संबंधी दर JEMCL मुख्यालय, राँची में अर्पित करेंगे। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 10.07.2024 को अपराहन 03 बजे तक होगी। निविदा के विस्तृत Terms & Conditions को झारखण्ड अण्वेषण एवं खनन निगम लिमिटेड, झारखण्ड, राँची के वेबसाइट https://jemcl.jharkhand.gov.in एवं www.prdjharkhand.com पर देखा जा सकता है।

ह0/
(मुख्य वित्तीय पदाधिकारी)
झारखण्ड अन्वेषण एवं खनन निगम लिमिटेड,राँची

PR 328448 Jharkhand Exploration And Mining Co Ltd(24-25).D

Contact No: 0651-3501912 E-mail: jemcl2021@gmail.com
https://jemcl.jharkhand.gov.in

# दीपक ने मृतक के परिजनों से मिलकर दुख की घड़ी में बंधाया ढांढ़स



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक प्रताप देव धुरकी प्रखंड क्षेत्र के टाटीदीरी गांव मे मृतक महेश साव उर्फ चटपटी साव के घर मंगलवार को पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त करते हुए दस हजार रुपये नकद राशी प्रदान कर आर्थिक सहायता किया है। मृतक महेश साव उर्फ चटपटी साव का गत सोमवार को धुरकी में सड़क निर्माण का कार्य कर रहे ग्रेडर मशीन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हुआ था। वहीं सड़क निर्माण का कार्य करा रहे ठेकेदार से मृतक के परिजनों को जेएमएम नेता सह पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा और युवा नेता दीपक प्रताप देव ने परिजनो को पांच लाख रुपये की मांग की, इसके बाद ठेकेदार ने तत्काल एक लाख पचास हजार रुपए नकद व तीन लाख पचास हजार रुपये का चेक पुलिस और मौजुद भीड़ के समक्ष लिखित बांड के साथ मृतक के तीनों बेटों के हाथ में सौंपा गया था। वहीं टाटीदीरी गांव में मृतक के घर दीपक प्रताप देव कुछ देर तक ठहरे और मृतक के तीनों बेटों और परिजनों के समक्ष इस हृदय विदारक घटना और महेश साव की मौत से काफी मर्माहत हुए। देव ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव और झारखंड मुक्ति मोर्चा सदैव खड़ा है, उन्होंने कहा कि हादसे में घर के पिता की मौत की भरपाई तो कदापि नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मृतक महेश साव की मौत सड़क हादसे के कारण हुई है, और इनके परिजन अत्यंत ही गरीब हैं। देव ने कहा कि सड़क हादसे मे हुई मौत के कारण वह आपदा प्रबंधन झारखंड सरकार के द्वारा जो निर्धारित और उचित मुआवजा होगा वह परिजनो को दिलायेंगे। इसके अलावा प्रखंड स्तरीय पारिवारिक लाभ भी इनके परिजनो को दिलाने का प्रयास उनके द्वारा जारी है। वहीं दीपक प्रताप देव ने स्वयं मृतक के परिजनो को अपना मोबाइल नंबर दिया और कहा की कभी भी उन्हें अगर उनकी आवश्यकता पड़े तो वह तुरंत उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा की क्षेत्र की जनता के दुख दर्द में शामिल होना उनकी समस्याओं से अवगत होना और उनका निराकरण करना उनका दायित्व है और वह हमेशा इसे निभायेंगे। इस दौरान सलीम अंसारी, शंभु साव, लियाकत अंसारी, विनोद कुमार साव, विजय साव सहित अन्य उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0आर0ई0पी0, चतरा।**

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/16/2023-RE-2
दिनांक– 03.07.2024

1. मद का नाम :– DMFT योजना अन्तर्गतः–

| क्र॰ सं॰ | ग्रुप संख्या | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 | टण्डवा | टण्डवा | टण्डवा | झरी साव के घर से नदी तक नाली ढक्कन सहित पी0सी0सी0 पथ पुलिया व गार्डवाल निर्माण। | 4135525 | 82800 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 10.07.2024
3. ई – पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 19.07.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई– पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.07.2024. पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई– पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा।
6. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 9572666229 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR.NO.328537 NREP(24-25):D

# रोजगार की तलाश में उत्तराखंड गये तोरपा के मजदूर की मौत





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** अपने क्षेत्र में काम न मिलने पर विवश होकर परिवार के लालन-पालन के लिए उत्तराखंड गये तोरपा प्रखंड के डोड़मा खिजुर टोली निवासी 25 वर्षीय मजदूर मसीह प्रकाश भेंगरा को क्या मालम था कि पलायन की कीमत उसे अपनी जान देकर चुकानी पड़ेगी। मसीह प्रकाश भेंगरा की मौत दो जुलाई को उत्तराखंड में हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि उत्तराखंड के ऋषिकेश-कर्ण प्रयाग रेल परियोजना के टनल नंबर 8.3 गूलर में 25 जून को मसीह प्रकाश भेंगरा मजदूरी कर रहा था। उसी बीच टनल की खुदाई में लगी मशीन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद मसीह को सिर और शरीर के विभिन्न अंगों पर गंभीर चोट लगी। इसे देखते हुए उपचार के लिए उसे नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान दो जुलाई को उसकी मौत हो गयी।

मसीह प्रकाश के डवजनों ने बताया कि मसीह प्रकाश अपने दोस्त और करीबियों के साथ इसी वर्ष अप्रैल महीने में उत्तराखंड रोजगार की तलाश में गया था। घटना के बाद उत्तराखंड की स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद रेल परियोजना के कर्मियों को सौंप दिया। परियोजना के कर्मी मसीह के शव को एंबुलेंस से उसके गांव डोडमा भेजने का तैयारी शुरू कर दी है।

# 20 अगस्त को होगा एकीकृत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन : लोकेश मिश्रा

**25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जायेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** समाहरणालय खंटी के सभागार में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के बारे में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि एक जुलाई को 2024 को अहर्त्ता तिथि मानते हुए राज्य में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। पुनरीक्षण कार्यक्रम में दो चरणों में प्रि रिविजन एक्टिविटी और रिविजन एक्टिविटी होगी। प्रि रिविजन एक्टिविटी कें लिए 24 जुलाई तक की अवधि निर्धारित है। 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जायेगा। दावें और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 25 जुलाई से नौ अगस्त तक की तिथि निर्धारित है। दावों और आपत्तियों का निपटान 19 अगअस्त जायेगा। 20 अगस्त .2024 को एकीकृत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। पुनरीक्षण अवधि के दौरान विशेश अभियान आयोजित करने के लिए विभिन्न तिथियों का भी निर्धारण किया गया है। इनमें विशेष अभियान दिवस 27 जुलाई (शनिवार) 28 जुलाई (रविवार) तीन अगस्त (शनिवार) और चार अगस्त (रविवार) को निर्धारित किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक पार्टियों के साथ बूथ शिफ्टिंग के विषय पर चर्चा की गयी और किसी प्रकार की आपत्ति या दूरी अधिक होने से संबंधित जानकारी ली गयी। सभी राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की भी अपील की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से मतदाता सूची और भी प्रभावी ढंग से तैयार की सकेंगी। बैठक में फॉर्म 8 के माध्यम से पुराने वोटर आईडी को रिप्लेस कर नये वोटर आईडी कार्ड बनाने को लेकर भी चर्चा की गयी। साथ हीं बीएलओ द्वारा किए जा रहे हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन के दौरान मृत मतदाता के नाम को हटाने में सभी से सहयोग करने की अपील की गयी, जिससे बोगस वोटिंग जैसी चीजों को पूर्णतः रोका जा सके। एएसडी के तहत शिफ्टेड वोटर, जो काफी वर्षों से जिले से बाहर रह रहे है, ऐसे मतदातओं को चिह्नित कर मतदाता सूची से नाम हटाने में भी सहयोग करने को कहा गया, ताकि प्रभावी रूप से मतदाता सूची तैयार हो जा सके। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी , सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ग्राम प्रधानों ने संघ के अध्यक्ष के साथ की बैठक



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुडू प्रखंड के ग्राम प्रधानो ने सघ के अध्यक्ष दलगोविनद सिंह मुंडा की अध्यक्षता में बुधवार को हाराडीह मंदिर के निकट बैठक की इस मौके पर दलगोविनद सिंह मुंडा ने आनेवाले विधानसभा चुनाव में सभी ग्राम प्रधान को सतर्क रहने को कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने ग्राम सभा और पेशा नियम तथा स्थानीयता को लेकर ठगने का काम किया है। ऐसे मौका परस्त नेता और राजनीतिक दलों से दूरी बनाने मे ही भलाई है। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष मिहिर सिह मुंडा ने धन्यवाद भाषण दिया।

### छात्राओं ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ इंटर महाविद्यालय सलगाड़ीह में 12वीं वर्ग के छात्राओं के द्वारा स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि सचिव मुची राम अहीर उपस्थित थे अध्यक्षता प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा ने किया। कार्यक्रम में काला, वाणिज्य, और विज्ञान तीनों संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे कार्यक्रम मैं स्वागत समारोह के साथ-साथ सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें कला में विद्यालय में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अभिभावक को भी सोल देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा, प्रोफेसर रंजीत कुमार मोदक, घनश्याम महतो, गोविंद चंद्र महतो, इंदिरा कुमारी, वंदना बनर्जी, शर्मिला कुमारी, सुमित्रा देवी, हरि नारायण महतो, हालदार महतो, शिवेशवर महतो आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य श्री कृष्णा सिंह मुंडा ने दिया।

### बारिश होने से किसानों में खुशी की लहर

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ में दो दिनों से हो रही बारिस से किसानों में खुशी की लहर है भीषण गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली है। किसान खेतों में बीज डालें है वो अंकुरित होने लगी है कुछ किसान पानी रुकने का इंतजार कर रहे हैं। खेतों में गोबर डाले जा रहे हैं। बीज के दुकानो में किसानों की भीड़ लगी है। हल्के बीज की अधिक डीमांड है। जो कम दिनों में अच्छी पैदावार देती है। किसान आसमानी पानी पर ही खेती करते हैं। नहर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं है। कच्ची नहरों में पानी नहीं पहुंचतीं है खेतों की जोताई कोड़ाई दस दिन पहले से ही किसान कर रहे हैं नदी तालाब कुएं जो सुख गये थे उसमें जान आने लगी है डोभा वगैरह में भी पानी भर रहे हैं इस बार भीषण गर्मी पड़ने से अच्छी पैदावार की उम्मीद किसानों ने जगाई है।

### ग्रामीणों ने वन अधिकार अधिनियम के तहत वनों की संरक्षण के लिए लगाया साइन बोर्ड



पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना क्षेत्र के राजस्व ग्राम करमटांड मे ग्राम सभा और वन अधिकार समिति द्वारा संयुक्त रूप से जंगलों को बचाने के लिए अभियान चलाया गया। जिसके तहत अधिसूचना साइन बोर्ड गांव के चारो सीमाओं में लगाया गया। वन अधिकार समिति के अध्यक्ष कामेश्वर गंझू ने बताया की सरकार ने सभी गांव में एक अभियान के तहत छः माह पूर्व वन अधिकारी समिति का गठन कराया है। जिससे सभी ग्रामीणों में जागरूकता आया है। वनभूमि पर अधिकार के लिए सामूदायिक वन पट्टा दावा किया जाना है, जिसके बाद वन भूमि का प्रबंधन और संरक्षण ग्राम सभा सुनिश्चित करेगी। संसद द्वारा पारित कानून भी कहता की गांव की वन भूमि गांव के लोग ही बचायेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए भी जागरूक किया गया। कार्याक्रम मे बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों द्वारा जल जंगल जमीन बचाने के स्लोगन तख्ती लिये शामिल हुए। मौके पर झारखंड जंगल बचाओ वन अधिकार मंच के सदस्य सूर्यमनी टाना भगत, वन अधिकार समिति के अध्यक्ष कामेश्वर गंझू, सचिव करूणा ज्योति तिर्की, रूपलाल कुमार महतो, बालमिदिन कुज्रूर, अंगद कुमार महतो, अजय कुमार महतो, विश्वनाथ गंझू, प्रकाश गंझू, हेवंती देवी, सुशीला देवी सहित सैंकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

### खूंटी में विद्युत करंट से राजमिस्त्री की मौत


खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी थानांतर्गत खटंगा गांव निवासी साऊ मुंडू नामक 35 वर्षीय राजमिस्त्री की बुधवार सुबह अपने घर में ही विद्युत करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घर में लगे विद्युत कनेक्शन का एक नंगा तार उक्त राजमिस्त्री की साइकिल से स्पर्श हो गया था, जिससे साइकिल में विद्युत करंट प्रवाहित हो रही थी। बुधवार सुबह काम में जाने के लिए जब वह साइकिल निकालने के लिए साइकिल को पकड़ा, तो साइकिल में प्रवाहित विद्युत करंट की चपेट में आकर वह बुरी तरह से झुलस गया और उसकी मौत हो गई।

### हाइवा की चपेट में आने से स्कूटी सवार शिक्षक गंभीर रूप से घायल

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी थानांतर्गत तारो सिलादोन क्षेत्र में ओंडरा गांव के समीप बुधवार पूर्वाह्न एक तेज रफ्तार अज्ञात हाईवा वाहन की चपेट में आने से स्कूटी पर सवार उत्क्रमित मध्य विद्यालय संडासोम के शिक्षक राजकुमार झा (58 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना मिलने पर दुर्घटना स्थल के आसपास मौजूद स्कूलों के कुछ शिक्षक तुरंत मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस बुलाकर घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। बताया गया कि शिक्षक को चपेट में लेने के बाद चालक हाईवा लेकर फरार हो गया।

### कोल फील्ड मजदूर यूनियन ने की बैठक मजदूरों की समस्याओं पर हुई विशेष चर्चा

खलारी (आजाद सिपाही)। कोल फील्ड मजदुर यूनियन की बैठक बुधवार को वीआईपी सभागार डकरा में हुई। बैठक एसएन सिंह की अध्यक्षता में हुई। वहीं संचालन ध्वजा राम धोबी ने किया।



बैठक में कामगारों का प्रमोशन, प्रत्येक परियोजना में कैंटीन, शौचालय क्वार्टर मरम्मत, कॉलोनी की सफाई सहित मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। वहीं बैठक में कहा गया कि कामगारों के वेलफेयर से संबंधित एनके एरिया की सभी परियोजना में मांग पत्र देगी। कहा गया कि यूनियन हमेषा ही मजदूरों के हक और अधिकार के लिए उनके साथ है। बैठक मुख्य रूप से एरिया अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह, रमेश सिंह, रामा उरांव, रविंदर बैठा, राजेंद्र चैहान, जयमंगल सिंह, बिनोद सतनामी, जगदीश सतनामी आदि मौजूद थे।

# सिटीजंस फाउंडेशन और एलटीआइ माइंडट्री ने कर्रा में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** सिटीजंस फाउंडेशन और एलटीआई माइंडट्री के सौजन्य से खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड के डुमरदगा में बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिवर में डॉ रीता कश्यप और डॉ प्रियंका आनंद ने 73 मरीजों की जांच की। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन सिटीजंस फाउंडेशन की अधिकारियों की उपस्थिति में प्रत्यूष पांडा, प्रधान निदेशक, ईएसजी, एलटीआई माइंडट्री, अमलान विश्वास, वरिष्ठ विशेषज्ञ सस्टेनेबिलिटी, एलटीआई माइंडट्री और गणेश रेड्डी, सीईओ, सिटीजंस फाउंडेशन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिटीजंस फाउंडेशन की कर्रा टीम और प्रोजेक्ट ऑफिस की टीम ने योगदान दिया। सीईओ गणेश रेड्डी ने बताया कि यह शिविर गरीब और असहाय लोगों के लिए एक अहम सेवा है, जो स्वास्थ्य सेवाओं को गरीबों तक पहुंचने में मदद करेगी। उन्होंने योजना की महत्ता पर जोर दिया और समुदाय को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। कहा कि यह उपक्रम स्थानीय समुदाय के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बना है और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार करने का प्रयास है। इसके माध्यम से समुदाय को स्वास्थ्य और जीवन में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर डॉ रीता कश्यप मेडिकल ऑफिसर डॉ प्रियंका आनद एसएमओ ने लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। मौके पर सिटीजंस फाउंडेशन के श्यामल, हेमंत अमित, एचआर अमित सजल, नितेश आदि मौजूद थे।

## कृषि विज्ञान केंद्र तोरपा में कृषक, वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आज

खूंटी (आजाद सिपाही)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नयी दिल्ली के उप निदेशक (कृषि अभियांत्रिकी) डॉक्टर एसएम झा गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र तोरपा (खूंटी) का भ्रमण करेंगे। भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम केवीके परिसर में वृक्षारोपण करेंगे। उसके बाद कृषक केंद्र में नवनिर्मित समिति कक्ष का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के बद केवीके में आयोजित कृषक, वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। मौके पर कृषको को सम्मानित भी करेंगे। केंद्र की गतिविधियों को गति प्रदान करने के लिए वैज्ञानिकों के साथ बैठक भी करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान रांची के निदेशक डॉ अभिजीत कर भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ दीपक राय ने दी।

## बायोमीट्रिक सिस्टम को सीसीएल प्रबंधन जबरन कोयला कर्मचारियों को थोप रहा है : बिगन सिंह





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** एनके एरिया की पुरनाडीह परियोजना में फिर से सभी मजदूरों ने बायोमेट्रिक का विरोध करते हुए बुधवार को भी रजिस्टर में हजारी बनाया। इसके लिए रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा बायोमेट्रिक सिस्टम का विरोध करते हुए मजदूरों ने जो अपनी एकता का परिचय दिया है उन्हें इसके लिए बधाई। भोगता ने कहा कि यह बायोमेट्रिक सिस्टम ठेका मजदूरों के लिए लागू किया गया है ना कि कोयला कर्मचारियों के लिए सीसीएल प्रबंधन जबरन इसे कोयला कर्मचारियों थोप रही है। भोगता ने कहा कि प्रबंधन जल्द से जल्द बायोमेट्रिक सिस्टम को बंद करे। माइंस में किसी भी तरह का कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। रेस्ट शेल्टर, एंबुलेंस, षुद्ध पेयजल, कि सुविधा नहीं दी गयी है, कैंटीन में मजदूरों के लिए एसी की सुविधा दी गयी थी उसे भी हटा कर प्रबंधन अपने रूम में लगा लिए है, प्रबंधन कोयला कर्मचारियों को बंधुआ मजदूर समझ कर शोषण कर रही है। माइन्स एक्ट का घोर उलंघन कर प्रबंधन कोयला उत्पादन कर रही है। प्रबंधन का तानाशाही रवैये को देखते हुए रैयत विस्थापित मोर्चा बहुत जल्द पूरे क्षेत्र में आंदोलन को तेज किया जागा।

## धरातल पर दिखने लगा है पुलिस के जागरुकता अभियान का असर

# मुरहू और रनिया में महिलाओं ने देसी शराब और जावा महुआ को किया नष्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** जिला पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा महुआ शराब, अफीम की खेती, डायन बिसाही जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ चलाये गये जागरुकता अभियान का असर धरातल पर दिखने लगा है। रनिया और मुरहू प्रखंड की महिलाओं ने शराब बनाने वालों के घरों में जाकर देसी शराब और जावा महुआ को नष्ट कर दिया। रनिया थाना की डाहू पंचायत के लोवा एवं कोंटागेर गांव में में महिलाओं ने शराब बेचने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई की। इसके पूर्व रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जयसवाल ने नशापान, अवैध अफीम पोस्ता की खेती, डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास के दुष्परिणाम से ग्रामीणों को अवगत कराया और कहा कि इसका सीधा अससर हमारे परिवार और समाज पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि इन सामाजिक बुराइयों के खिलाफ समाज को खासकर मातृशक्ति को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि समाज से भटके लोगों और चंद रुपयों के लालच में आकर सामज विरोधी काम करने वालों को महिलाएं ही सही रास्ते में ला सकती हैं। मौके पर डाहू पंचायत के मुखिया रिमिक्स कंडुलना, ग्राम प्रधान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पिपरवार जीएम और सीआइएसएफ कमांडेड ने किया कार्यालय का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा एक नंबर स्थित सीआईएसएफ बचरा कैंप में बुधवार को सीआईएसएफ के उप समादेष्टा के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस मौजूद थे। सीआईएसएफ के उप समादेष्टा उपेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने दोनों अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया। जिसके बाद जीएम सीबी सहायक और कमांडेंड संदीप कुमार एस ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद जीएम सीबी सहाय और कमांडेंड संदीप कुमार एस ने स्थानीय सीआईएसएफ के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। ज्ञात हो कि सीआईएसएफ कैंप बचरा में उप समादेष्टा कार्यालय के खुल जाने के बाद अब पिपरवार यूनिट के सीआईएसएफ अधिकारियों एवं जवानों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर जीएम सीबी सहाय, सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस, उप कमांडेड उपेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर संतोष नेगी, सुमन तिवारी, दिवाकर कुमार चौधरी, सिविल इंजीनियर शुभम कुमार सहित सीआईएसएफ के कई अधिकारी, जवान और सीसीएल अधिकारी मौजूद थे।

## केडीएच परियोजना में बायोमीट्रिक हाजिरी बनाने का हुआ विरोध



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के उत्तरी करणपुरा क्षेत्र में 1 जुलाई से बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजरी बनाने के आदेश के बाद बुधवार को केडीएच परियोजना के कारगिल पीट ऑफिस पर प्रथम पाली में संयुक्त मोर्चा के द्वारा बायोमेट्रिक द्वारा हाजिरी बनाने का विरोध किया गया। इस दौरान मजदूरों को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा में षामिल यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रबंधन ने कोयला कामगारों पर बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजरी बनाने का दबाव दिया है। जिसे किसी भी हालत में कोयला कामगार नही मानेगा। वहीं बताया गया कि बायोमेट्रिक सिस्टम से ठेका मजदूरों की हाजरी बनाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन प्रबंधन इसे संगठित कोयला कामगारों पर थोपने में लगा है। सभी वक्ताओं ने कामगारों से प्रबंधन के इस निर्णय का एकजुटता के साथ विरोध करने को कहा। संयुक्त मोर्चा में मिथिलेश सिंह, गोल्डेन प्रसाद यादव, अमर भूषण सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अजय चैहान, हरेंद्र सिंह, कन्हाई पासी, जगदीश चैहान, खान जी सहित काफी संख्या में कामगार उपस्थित थे।

# ब्रह्मकुमारी गीता पाठशाला का 9वां स्थापना दिवस मना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईष्वरीय विष्वविद्यालय गुमाल शाख के नेतृत्व में संचालित डकरा सुभाष नगर ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला का 9वां स्थापना दिवस बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर अतिथियों में चतरा जिला भाजपा आईटी सेल के संयोजक सुमन सौरभ, भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा उर्फ माइकल, बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना सिंह, भाजपा मंडल सदस्य शीला सिंह, बहेरा पंचायत के बिलारी वार्ड सदस्य पंकज कुमार एवं बीके गीता पाठशाला के कृष्णा भाई, बसंती बहन व अनिता बहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व केक काटकर किया। गीता पाठशाला की नियमित बीके प्रीति बहन ने बताया की आज का दिन खुशी और उत्सव मनाने का दिन है। मनुष्य आत्माओं को हर प्रकार से पवित्र बनाने का यह कार्य इस गीता पाठशाला से निरंतर 9 वर्षो से सतत चल रहा है। हर प्रकार से स्वच्छता, पवित्रता, मनुष्य आत्माओं को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस गीता पाठशाला से ज्ञान गंगा की जलधारा सभी आत्माओं को पावन बनाने का दिव्य कर्तव्य निरंतर चलती रहेगी। उन्होंने कहा आत्मज्ञान के बिना शिव परमात्मा के सत्य ज्ञान संभव नहीं है। परमात्मा सभी आत्माओं में सर्वोच्च है और हम सभी आत्माओं का पिता है। इसलिए इस नौ सालों के सफर में मेरा एक कदम, शिव पिता का हजार कदम का साथ मिला। तभी से अनवरत संचालित ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला ने स्वर्णिम नौ वर्ष पूरे किये। वही कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने संस्था के बारे में अपने अपने विचार व्यक्त किये। जबकिं अशोक मंडल भाई, कृष्णा भाई, हेमंत भाई, संजय भाई, कमल भाई ने बारी बारी से इस गीता पाठशाला से प्राप्त अनुभव व्यक्त किये। तत्पश्चात सभी को चंदन का तिलक लगाते हुए ब्रह्मा भोजन कराया गया, और सभी को ईश्वरीय सौगात भेंटकर सम्मानित किया गया। इधर कार्यक्रम में गीता पाठशाला की बहनों में रुचि बहन, हनी बहन, रिया बहन एवं परि बहन ने नृत्य प्रस्तुत किया एवं बिलारी की अनिता बहन, सोनी बहन एवं चांदनी बहन द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में बेती व बिलारी से अनेकों की संख्या में गीता पाठशाला से जुड़े हुए बीके भाई-बहन उपस्थित रहें।

## लापुंग के फतेहपुर में असरी पूजा संपन्न

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के फतेहपुर में बुधवार को असारी पूजा आयोजित हुआ। गांव की सलामती के लिए सभी राजस्व गांव में पाहान द्वारा काली पठिया का ग्रामीणों के साथ मिलकर पूजा किया गया। देवी गुड़ी में घर-घर से अक्षत पहुंचाया गया। उसी अक्षत से पूजा कर सुख सलामती का आशीर्वाद मांगा गया। आसाढ़ महीने में रथ यात्रा से पूर्व आसारी पूजा की जाती है। इस दनि फतेहपुर गांव के पहान बुधवा पहान पुजार बीचो पहन द्वारा पूजा पाठ कराया गया। मान्यता है काली पठिया के मांस को दो सिमानी में पूरे गांव के लोग प्रसाद स्वरूप पकाकर खाते है। इस पूजा से पहले पूरे गांव की महिलाए पीपल के पेड़ व देवी गुड़ी में जल चढ़ाए। अच्छी बारिश व फसल की कामना कर यह पूजा पाठ की गयी।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

## बात करने के लिए चालक ने अचानक रोकी कार, जिससे हुआ हादसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इटकी।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर सेमरा पतरा के निकट पर बुधवार की दोपहर 12.30 बजे सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान बबलू उरांव (20) के रूप में हुई है। जबकि इसी हादसे में घायल जवरा उरांव (23) की हालत गंभीर बतायी जा रही है। उसका इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है। पुलि की मानें तो मृतक बबलू उरांव और घायल जौवरा उरांव नगड़ी थाना क्षेत्र के डुमर टोली गांव के रहने



हादसे में मृतक युवक व आसपास खड़े लोग।

वाले हैं। जानकारी के नुताबिक बबलू और जौवरा उरांव अपनी बाइक से बेड़ो से अपने गांव लौट रहे थे। इस बीच सड़क के बिचोबीच दो कार सवार वाहन बात करने के लिए अचानक से ब्रेक लगा दिया। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार युवकों की एक कार (थार) से जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में बाइक सवार बबलू उरांव और जौवरा उरांव सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये। इसकी सूचना मिलते ही 108 एम्बूलेस घटना स्थल पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों को रिम्स अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने बबलू को मृत घोषित कर दिया। इस खबर से उसके परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है।

# बेड़ो में बन रहे जलमीनार में अनियमितता, ग्रामीणों ने अधिकारियों से की जांच की मांग

## मिट्टी मिले बालू से प्लास्टर करने का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पेयजल आपूर्ति विभाग परिसर में पिछले कई वर्षों की मांग के बाद बन रहे जलमीनार में ठेकेदार की ओर से भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि इस जलमीनार के निर्माण कार्य में शुरू से ही अनियमितता बरती जा रही हैं। ठेकेदार ग्रामीण की बातों को नजर अंदाज कर लगातार घटिया सामग्री से जलमीनार का निर्माण करा रहा हैं। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा कि मजदूर पानी टंकी में पलास्टर के लिए मिट्टी युक्त बालू का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह देख ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और तुरंत प्लास्टर का काम रोक दिया। हालांकि कुछ देर बाद पुनः दूसरे साइड के बालू से प्लास्टर का काम शुरू कर दिया गया। दूसरी ओर, ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार को बार-बार कहने और समझाने के बाद भी लगातार घटिया सामग्री से पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने यहां के जिम्मेदार लोगों को कोसते हुए कहा कि घटिया सामग्री से बेड़ो में बन रहा पानी टंकी कितना गुणवत्ता का होगा यह सभी जानते हैं, लेकिन सभी ने चुप्पी साध रखी है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से पानी टंकी निर्माण में बरती जा रही अनियमितता की जांच करने की मांग की है।

## जोगता 11 नंबर में हुआ भू-धंसान

**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 के जोगता थाना क्षेत्र स्थित मुडीडीह कोलियरी के जोगता-11 नंबर बस्ती में बुधवार को तेज आवाज के साथ भू-धंसान की घटना हुआ, जिससे वहां के स्थानीय लोग भयभीत होकर अपने घरों को छोड़कर बाहर निकल गए। इसकी सूचना पाकर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुचीं पर बीसीसीएल का कोई भी अधिकारी वहां नहीं पहुंचा। इससे स्थानीय लोग प्रबंधन के प्रति काफी नाराज दिखे। लोगों ने बताया कि पूर्व में भी इस इलाका में तीन बार इसी तरह की घटना घट चुकी है। घटना के बाद प्रबंधन व जिला प्रशासन के लोग आये और झूठा आश्वाशन देकर चले गए। जिस कारण प्रभावित लोगों को लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है। बीसीसीएल प्रबंधन गंभीरता से नहीं ले रहा हैं।

# 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** बिरसा पार्क में बुधवार को मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के नेतृत्व में भाजपा की ओर से 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, मनोज कुमार चौधरी, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, उमेश बड़ाइक, अजय महतो, सत्यदेव मुंडा, नरेश साहू, जगेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, रामसाय मुंडा, बुधराम बेदिया, सुनील महतो, अगमलाल



महतो, संतोष महतो, सुषमा बड़ाइक, दुर्गा महतो, शिकारी महतो, गौरीशंकर मुंडा, सिकंदर अंसारी, हिमांशु शेखर चौधरी, देवनाथ महतो, बनमाली महतो, एतवा बेदिया, रामेश्वर महतो, विष्णु महतो, अघनू महतो, शनिचरवा बेदिया सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बारिश के बीच बेड़ो में गिरे दो घर पीड़िताओं ने की मुआवजे की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मानसुन की बारिश से एक ओर जहां किसानों के चेहले खिल उठे हैं, वहीं, गरीबों के लिए मुश्किलें भी बढ़ गयी है। क्योंकि उनके कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार की सुबह से दोपहर तक हुई जोरदार बारिश के बीच अपराह्न 3.30 बजे थाना क्षेत्र के करांजी गांव निवासी सहमुद अंसारी और कलावती देवी का कच्चा मकान गिर गया। दोनों ने बताया कि किसी प्रकार भागकर अपनी जान बचायी। लेकिन घर गिरने से बारिश के इस मौसम में खुले आकाश के नीचे रहने को मजबूर हो गये हैं। उधर, घर गिरने से उसमें रखा राशन, बर्तन, कपड़ा और बिस्तर आदि सामान दबकर



बेड़ो के करांजी में बारिश में गिरा कलावती देवी का कच्चा मकान।

व भींगकर बर्बाद हो गए। सहमुद और कलावती ने बताया कि वे दोनों किसी तरह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। अब क्षतिग्रस्त मकान को कैसे बना पायंगे। दोनों परिवार के सदस्यों ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगायी है।

## नगड़ी में एक महीने से गिरा है 33 हजार वोल्ट का तार, विभाग बेखबर



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के पिस्का कोयल होटल के पीछे बांध टोली की ओर जाने वाली पगडंडी रास्ते में एक खेत में पिछले एक महीने से 33000 वोल्ट का बिजली का खंभा जमीन पर गिरा हुआ है। इसी खंबा से बिजली करंट प्रभावित हो रहा हैं। इस संबंध में आसपास के ग्रामीणों ने कई बार विभाग के कर्मियों और अधिकारियों को सूचना दी पर अभी तक किसी ने कोई गंभीरता नहीं दिखा। ग्रामीणों का कहना है कि 33000 करंट प्रवाहित होने से आसपास के खेत में खेती करना भी दुभर हो गया है। ग्रामीण किसान करंट लगने के डर से उधर जाने से भी कतरा रहे हैं और खेत में लगे फसल खेत में ही सड़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि नगड़ी प्रखंड में बिजली की समास्या लगातार बढ़ रही है। प्रखंड क्षेत्र बड़ा होने के कारण बिजली कर्मी कार्य करने के लिए आना-कानी करते हैं। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने विभाग के पदाधिकारियों से इस गिरे हुए बिजली के खंभा को शीघ्र ही दुरुस्त करने की मांग की है।

# संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में नये छात्र-छात्राओं का किया गया स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडर।** संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में सत्र 2024-26 के लिए नामांकित 11वीं के छात्र-छात्राओं का स्वागत धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर 12वीं के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। अपने संबोधन में प्रचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा कि आप विभिन्न स्कूलों से पढ़ाई पूरी कर हमारे कॉलेज में आएं ये आप और हमारे दोनों के लिए सौभाग्य कि बात हैं। हमें उम्मीद हैं कि अगले दो सालों तक कॉलेज परिसर में एक आदर्श छात्र-छात्रा कि तरह अनुशासित होकर शिक्षा ग्रहण करेंगे। हमारा भी प्रयास रहेगा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण दें। इस मौके पर शिक्षक प्रतिनिधि अनिल खलखो, वरिष्ठ शिक्षक सईद अख्तर, विजय किसपोट्टा, उमेश प्रशाद,सुशांत चक्रवर्ती, रंजीता कुमारी, राजेंद्र इंदवार, स्वाति तिर्की, रश्मि तिर्की, सुमन तिर्की आदि उपस्थित थे।

## बीएयू के वर्क्स एंड प्लान विभाग में किया गया पौधारोपण



**कांके (आजाद सिपाही)।** बीएयू अंर्तगंत वर्क्स एंड प्लान विभाग में बुधवार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधा रोपण किया गया। कार्य व संयंत्र विभाग के डिप्टी डायरेक्टर भोला अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में एक-एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। पेड़-पौधों से पर्यावरण स्वच्छ रहता है और वातावरण भी शुद्ध रहता है। इस मौके पर विभाग के सभी इंजीनियर व पदाधिकारियों के अलावा मनीष कुमार, रत्नेश कुमार, जियाउद्दीन अंसारी और मोख्तार मंसूरी आदि उपस्थित थे।

# बेड़ो में पुलिस-सीआरपीएफ जवानों ने किया फ्लैग मार्च



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर बुधवार को पुरना पानी बाजार के समीप पुलिस और सीआरपीएफ की ओर से फ्लैग मार्च किया गया। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि प्रखंड में किसी प्रकार की आपराधिक और अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस-सीआरपीएफ के साथ मिलकर सर्च अभियान चला रही हैं। इस दौरान हर व्यक्ति और वाहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। ताकि अपराध व तस्करी जैसी कोई वारदात ना हो। फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना है। फ्लैग मार्च में एएसआई अक्षय सिंह आदि काफी संख्या में पुलिस व सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

## जोन्हा में नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी प्रदीप साहू के सौजन्य से बुधवार को श्री राम मंदिर प्रांगण जोन्हा में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न रोगों से संबंधित करीब 60 लोगों के स्वास्थ की जांच की गई और उनके बीच दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ जांच प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ स्वाति लाल, डॉ रश्मि रूपम, डॉ आनंद रंजन देव, डॉ विष्णु प्रिया आदि द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदीप साहू ने कहा कि आगे भी इस तरह का मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप अन्य क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में पप्पू मिश्रा, राजेश साहू, मनोज साहू, सुधीर प्रजापति आदि का योगदान रहा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने शव यात्रा निकाल कर पुतला फूंका

# राहुल गांधी ने हिंदू समाज ही नहीं, पूरे देश का अपमान किया है: अशोक मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर हिंसा फैलाने के लगाये गए आरोप से पूरे देश में उबाल है। भाजपा ने इसे मुद्दा बनाते हुए प्रदर्शन का बिगुल फूंक दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को भाजपा खिजरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व में राहुल गांधी के खिलाफ नाराजगी जताते हुए सांसद समाधान केंद्र से सदाबहार चौक हनुमान मंदिर तक शव यात्रा निकाला एवं पुतला दहन किया। राहुल गांधी एवं कांग्रेस के हिंदू विरोधी नीतियों को लेकर नारेबाजी की गई। अशोक मुंडा ने कहा कि राहुल गांधी ने हिंदू समाज का ही नहीं, बल्कि पूरे



देश का अपमान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और कांग्रेसी लगातार हिंदू समाज को अपमानित कर कर रहे हैं। हम सभी कार्यकर्ता चाहते है कि राहुल गांधी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं, समीर राय ने कहा कि एक सांसद द्वारा इस तरह का गैरजिम्मेदाराना बयान देना दर्शाता है कि राहुल गांधी, कांग्रेसी नेता एवं विपक्षी दलों अन्य नेता हिंदूओं से कितनी नफरत करते हैं है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष जेलैंद्र कुमार, जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा, भाजपा नेता रितेश उरांव, समीर राय, शंकर सिंह मुंडा, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, बिरसा पाहन, गोपाल चौधरी, पिंटू सिंह, अनिरुद्ध पांडेय, अखिलेश यादव, अरविंद कुमार, सुबोध सिंह टनटन, प्रज्ञा भारती, मीनू सिंह, पुष्पा चौधरी, राजू लकड़ा, विकास सिंह, सरोज राय, दुर्गा देवी, प्रियंका शशि, एनपी सिंहा, अरुण कोरियर, जयंती देवी, मुन्ना टोप्पो, राजेंद्र ठाकुर, शिल्पी शालिनी, बरमाली महतो, कौशल सिंह आदि मौजूद थे।

# राहुल के बयान पर भड़के भाजपाइयों ने पुतला फूंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिन्दू समाज को लेकर संसद में दिए गए कथित आपतिजनक बयान के खिलाफ बुधवार को अक्रोशित भाजपाइयों ने अनगड़ा चौक में पुतला दहन किया। इस दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। पुतला दहन कार्यक्रम भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के नेतृत्व में आयोजित था। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी हिन्दू विरोधी और मानसिक रूप से असंतुलित हो चुके हैं। उन्होंने यह बयान देकर सनातन समाज का घोर अपमान किया है। इस बयान के लिए वे पूरे हिन्दू समाज से तुरंत माफी मांगे



नहीं तो जोरदार आंदोलन छेड़ा जाएगा। पुतला दहन कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, मनोज कुमार चौधरी, सत्यदेव मुंडा, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, उमेश बड़ाइक, अजय महतो, बुधराम बेदिया, कामेश्वर महतो, रामसाय मुंडा, सुषमा बड़ाइक, जगेश्वर महतो, सुनील महतो, आगमलाल महतो, नरेश साहू, संतोष महतो, दुर्गा महतो, तुलेश्वर पाहन, रामेश्वर महतो, परमेश्वर महतो, देवनाथ, विष्णु, नरेश बेदिया, शनिचरवा बेदिया, शिकारी महतो, अघनू महतो, हिमांशु शेखर आदि शामिल हुए।

# पर्यवेक्षिका पर अयोग्य लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलवाने का आरोप

## जांच में रिश्वत लेकर लाभ दिलाने की हुई पुष्टि, डीसी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से संचालित कजरू कला पंचायत के दो आंगनबाड़ी केंद्रों में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है। परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षिका पर रिश्वत लेकर अयोग्य लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिये जाने का खुलासा हुआ है। विगत 18 फरवरी को डीसी की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक के दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में अनियमितता बरते जाने की बात संज्ञान में भी लाया गया था। जिसके बाद विश्रामपुर परियोजना की उपलब्धता प्रतिशत सभी अन्य परियोजनाओं से काफी ज्यादा 127 प्रतिशत रहने के कारण विश्रामपुर परियोजना के कुछ पंचायतों में जाकर वहां के लाभुकों के स्थलीय की जांच कर सत्यापन भी कराया गया। जिसमें पाया गया कि विश्रामपुर परियोजना अंतर्गत कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका मीना देवी, जो पूर्व में सेविका थी और प्रोन्नति पाकर महिला पर्यवेक्षिका बनी है। उन्होंने बड़े पैमाने पर अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिलवाया है। कजरू कला 2 की सेविका तारा देवी से इस संबंध में जांच दल द्वारा पूछे जाने पर बताया कि लाभुक बालिकाओं का आवेदन भी उनकी ओर से गलतफहमी में भरा गया है। वहीं इस संबंध में पर्यवेक्षिका मीना देवी से पूछने पर उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उल्टे उन्होंने यह कहा कि जांच तो प्रतिदिन होता है। इससे उनका कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। ऊपर से नीचे तक पैसा का खेल चल रहा है। ले-देकर पूरे मामले को रफा दफा करा लिया जायेगा। वहीं, जांच टीम को केंद्र की सेविका व पर्यवेक्षिका मीना देवी 12 आवेदकों का मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र व लाभुकों का आधार कार्ड भी उपलब्ध नहीं करा पाई। कई अन्य लाभुकों के मूल प्रमाण पत्र से मिलान करने पर पाया गया कि योजना से लाभान्वित करने के लिए कई आवेदकों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र व आधार संख्या से छेडछाड़ किया गया है। साथ ही पर्यवेक्षिका मीना देवी व आंगनबाड़ी सेविका तारा देवी द्वारा यह भी स्वीकार किया गया कि 12 अयोग्य लाभुकों का आवेदन गलती से समर्पित हो गया है। जिसे बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के हस्ताक्षर के बगैर जिला कार्यालय को भेजा दिया गया हैं। आंगनबाड़ी केंद्र कजरूकला-1 अंतर्गत समर्पित आवेदन पत्रों की जांच की गई तो पता चला कि 18 से 19 वर्ष वर्ग में एक लाभुक 19 वर्ष से अधिक उम्र का है। उक्त दोनों केंद्रों से संबंधित आवेदन पत्रों में किसी भी आवेदन पत्र पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का हस्ताक्षर पर्यवेक्षिका मीना देवी द्वारा नहीं कराया गया। बल्कि सीधे अपने हस्ताक्षर से जिला कार्यालय को आवेदन भेजा गया, जो अत्यन्त गंभीर मामला है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा पलामू डीसी को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच करते हुए इसमें संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की गई है। इधर, प्रवेक्षिका मीना देवी ने कहा कि आरोग्य लाभूकों का चयन हुआ है, जिसे हटाने को लेकर विभागीय कार्यालय को सूचना दी गई है। इसमें किसी प्रकार की संलिप्तता नहीं है। लोगों द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है।

## कांग्रेसी नेता रुद्र शुक्ला ने की डीडीसी से मुलाकात



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रुद्र शुक्ला ने पलामू जिला में नव पदस्थापित डीडीसी मोहम्मद शब्बीर अहमद से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की। पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए बधाई दी है। साथ ही पांकी विधानसभा से संबंधित जन समस्याओं से डीडीसी को अवगत कराया।

## स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरित की

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के कई सरकारी स्कूल की छात्राओं के बीच बुधवार को साइकल वितरित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला पार्षद विजय रविदास छात्राओं को साइकिल सौंपा। उन्होंने कहा कि साइकल मिल जाने से ग्रामीण छात्राओं को स्कूल आने जाने में काफी सहूलियत होगी। कहा कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतरना हमारी प्राथमिकता में है। हमारा प्रयास है कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। इस मौके पर कल्याण पदाधिकारी, उप प्रमुख सतेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीसी ने की बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्र में सत्यापन के दौरान जर्जर या क्षतिग्रस्त पाए गए मतदान केंद्र भवनों के स्थल परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया एवं सभी राजनीतिक दलों से सहमति प्राप्त की गयी। वर्तमान में आयोग के स्तर से प्राप्त मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 2024 के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत मतदान केंद्रों के पुनर्गठन आवश्यकतानुसार जर्जर या क्षतिग्रस्त भवनों के परिवर्तन की कार्रवाई की जानी है, जिसके लिये सभी विधानसभा क्षेत्र में सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए संबंधित ईआरओ/एईआरओ के स्तर से आवश्यकतानुसार प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। इसके संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए आयोग के स्तर से जिला स्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 01, छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में 01 एवं हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 07 मतदान केंद्रों का भवन जर्जर/ क्षतिग्रस्त होने एवं अन्य कारणों से स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव अनुमोदन के लिए आयोग को भेजने की पहल की गयी।

## एनसीपी व टीम सूर्या ने हुसैनाबाद में की एक बूथ 10 यूथ कार्यक्रम की शुरुआत

**युवाओं के साथ बैठक कर प्रत्येक बूथ स्तर पर 10-10 युवाओं को जोड़ने का लिया संकल्प**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एनसीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश सिंह के निर्देश पर बुधवार को हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता युवा एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक उर्फ हरि सिंह व संचालन युवा प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश राजवंशी ने किया। बैठक में युवा एनसीपी के संगठन पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके बाद प्रत्येक बूथ स्तर पर 10-10 युवाओं को जोड़ने का सभी ने संकल्प लिया। अनुमंडल अध्यक्ष हरि सिंह ने कहा कि इसकी शुरूआत हुसैनाबाद प्रखंड से की गई है। युवा एनसीपी व टीम सूर्या के युवा कार्यकर्ता प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश राजवंशी के मार्गदर्शन ने सभी 22 पंचायतों में क्रमवार बैठक कर इस अभियान को आगे बढ़ायेंगें। हरि सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में शुरूआत करने के बाद अन्य प्रखंडों में भी युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक कर एक बूथ 10 यूथ अभियान चला कर युवाओं को जोड़ने की मुहिम चलाई जाएगी। कहा कि आज भी एनसीपी का संगठन सभी बूथों तक है। इसे और मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं को जोड़ने का काम शुरू किया गया है। कहा कि सभी बूथों पर 10-10 युवाओं को जोड़ने के बाद विधायक व युवा नेता सूर्या सिंह की मौजूदगी में सम्मेलन आयोजित होगा। इस मौके पर योगेंद्र कुमार सिंह, विनय पासवान, ओमप्रकाश राजवंशी, नगर अध्यक्ष रविंद्र कांस्यकार, रजनीश कुमार सिंह, गोरख पासवान, गुड्डू पाल, गोल्डन ठाकुर, रमेश प्रजापति, विनोद चौधरी, बबलू यादव, जिसान हसन, जितेंद्र पासवान, उमेश बैठा, सोनू सिंह, राजन सिंह, अभिमन्यु सिंह, कार्तिक राजवंशी, अखिलेश पाल और अभिषेक सिंह आदि उपस्थित थे।

## पर्यावरणविद कौशल किशोर ने अजरबैजान से किया निःशुल्क पौधरोपण व वितरण अभियान का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अजरबैजान की राजधानी बाकू के एक होटल मेरीओट में आयोजित सम्मान समारोह में भारत से आये वैसे प्रख्यात लोगों को सम्मानित किया गया जो समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा व परिश्रम के बल पर एक अलग पहचान बनाई व ख्याति प्राप्त की है। सम्मान समारोह का शुभारंभ अजरबैजान के पर्यटक निदेशक विश्व के साउथ ईस्ट रौशन व झारखंड के पलामू जिले के लाल ट्री मैन से विख्यात विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपनी पत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल एवं खडवानी और मौनिका लुइस के साथ संयुक्तरूप से किया। समारोह के उद्घाटन के बाद पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों को पौधा देते हुए पर्यावरणविद ने कहा कि दुनिया को बड़ी दुर्घटना होने से बचाना है तो विश्व के सभी लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपनाना होगा। अगर उनकी बातों की अनदेखी की गयी तो डायनासोर की तरह धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख जीवन की ईहलीला समाप्त होने में देर नहीं लगेगी।

उन्होंने इससे पहले निःशुल्क पौधा वितरण व रोपन के 58वां वर्ष और पर्यावरण धर्म और वनरखी मूवमेंट के 48 वां वर्ष पूरा होने पर वृक्षों पर रक्षाबंधन कर वर्ष 2024 के पौधरोपण व वितरण अभियान का शुभारंभ किया। पिछले वर्ष इस अभियान की शुरूआत पर्यावरणविद कौशल ने सिंगापुर व मलेशिया से किया था।

# स्पोर्ट्स



टी-20 जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ी गुरुवार की सुबह विशेष विमान से भारत लौट रहे हैं।

## टी-20 वर्ल्ड कप विजेता टीम इंडिया के ग्रैंड वेलकम की तैयारी

### सुबह पीएम के साथ ब्रेकफास्ट, फिर मुंबई में रोड-शो, शाम को वानखेड़े में सम्मान



**मुंबई (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया गुरुवार की सुबह 5 से 6 बजे के बीच बारबाडोस से दिल्ली पहुंचेगी। देश में टीम के ग्रैंड वेलकम की तैयारी की जा रही है। यह स्वागत 17 साल पहले टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली धोनी की बिग्रेड की तरह ही होगा। टीम इंडिया एयरपोर्ट से पहले होटल जाएगी। इसके बाद पीएम आवास पहुंचेगी। मोदी के साथ ब्रेकफास्ट करेगी। इसके बाद मुंबई रवाना होगी। यहां भी 2007 में पहला वर्ल्ड कप जीतने वाली धोनी की टीम के तर्ज पर शाम पांच बजे नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक ओपन रूफ बस में टीम की विक्ट्री परेड होगी। फिर सम्मान समारोह में कैश प्राइज दिया जाएगा। टीम इंडिया तूफान की वजह से बारबाडोस में तीन दिन फंसी रही थी। बीसीसीआइ ने खिलाड़ियों को लाने के लिए स्पेशल विमान भेजा है। इस प्लेन का नाम 'चैंपियंस 24 वर्ल्ड कप' रखा गया है। वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने बताया कि खिलाड़ियों के अलावा हम वहां फंसे मीडिया कर्मियों को भी वापस ला रहे हैं।

### विक्ट्री परेड में हमारा साथ दें : जय शाह

बीसीसीआइ के सचिव जय शाह ने एक सोशल पोस्ट में लिखा- टीम इंडिया के ऑनर में होने जा रही विक्ट्री परेड में हमारा साथ दें और गुरुवार शाम 5 बजे मरीन ड्राइव और वानखेड़े में हमारे साथ सेलिब्रेट करें। गौरतलब हो कि साल 2019 में पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी ने एक कार्यक्रम में 2007 की वर्ल्ड चैंपियन टीम के यादगार स्वागत को याद किया था। धोनी ने उन पलों को याद करते हुए कहा था- 'हम 2007 में (टी20) वर्ल्ड कप जीतकर भारत आए और हमने खुली बस में यात्रा की और हम मरीन ड्राइव (मुंबई) में खड़े रहे। हर तरफ जाम लगा था और लोग हमारे स्वागत के लिए अपनी कारों में आए थे। मुझे हर किसी के चेहरे पर खुशी देखकर अच्छा लगा था, क्योंकि फैंस में कई ऐसे लोग रहे होंगे, जिनकी उड़ान छूट गई होगी, हो सकता है कि वे किसी महत्वपूर्ण काम से जा रहे हों। वह शानदार स्वागत था। पूरा मैरीन ड्राइव एक छोर से दूसरे छोर तक भरा था।'

## आकांक्षी जिला व प्रखंड में संपूर्णता अभियान के शुभारंभ को लेकर डीडीसी ने की बैठक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीडीसी शब्बीर अहमद ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में आकांक्षी जिला और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान की तैयारी से संबंधित बैठक की। जिसमें संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के लांचिंग डीसी से अनुमोदन के बाद 4 से 6 जुलाई के बीच करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत जिले के आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज में तय तारीख को संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज अंतर्गत संपूर्णता अभियान में हेल्थ न्यूट्रीशन, एग्रीकल्चर एवं सोशल डेवलपमेंट से संबंधित 6 इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। वहीं डीडीसी ने संबंधित अधिकारियों को आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज एवं आकांक्षी जिला पलामू में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश दिये। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई दिल्ली नीति आयोग की ओर से निर्धारित इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत सैचुरेशन करना है। आकांक्षी जिला अंतर्गत संपूर्णता अभियान में हेल्थ एंड न्यूट्रीशन, एग्रीकल्चर एवं एजुकेशन समेत विभिन्न 6 बिंदुओं पर योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन करना है। हेल्थ एंड न्यूट्रीशन के अंतर्गत उप विकास आयुक्त ने गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन कराने की दिशा में समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया।मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार,कृषि पदाधिकारी विवेक बिरुवा,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम, पशुपालन पदाधिकारी, पिरामिल फाउंडेशन से डिस्ट्रिक्ट लीड अनिल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## अपराधियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो होगा बड़ा आंदोलन: धनंजय सोनी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला अंतर्गत 21 प्रखंडों के स्वर्णकार व्यवसाय से जुड़े व्यापारी की बैठक मंगलवार को एंबीशन कंप्यूटर सेंटर स्टेशन रोड में संपन्न हुई। पलामू जिले के कुछ प्रखंड पांकी, नावा, छतरपुर और सतबरवा में पिछले तीन महीने में लूटपाट, चोरी, छिनताई की घटना हुई है। विगत 30 जून को छतरपुर प्रखंड में ब्रिज बिहारी सोनी के दुकान बंद करने के क्रम में तीन बाइक सवार बदमाशों द्वारा 50 लाख रुपए मूल्य के गहनों से भरे झोला की चोरी कर ली गयी थी। इन्हीं समस्याओं को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी एवं जिला अध्यक्ष धनंजय सोनी की अध्यक्षता में जिला प्रशासन पुलिस अधीक्षक को अपराध को रोकने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। चेतावनी दी गयी कि पलामू जिला प्रशासन द्वारा 72 घंटे के अंदर अपरादियों को नहीं पकड़ने पर पलामू जिला स्वर्णकार संघ की ओर से बड़े आंदोलन की की बात कही गयी है। इस मौके पर स्वर्ण व्यवसाय से जुड़े, ब्रिज बिहारी सोनी, अशोक सोनी, धर्मेंद्र सोनी, अजय सोनी, उदय सोनी, गुड्डू वर्मन, हिमांशु कौशल सोनी, अमित वर्मा, बजरंगी सोनी, शिवम सोनी, रंजीत सोनी, मिलन सोनी, संतोष सोनी, प्रेम सोनी आदि मौजूद थे।

## नियमित योग करने से होंगे निरोग : ममता




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम स्कूल के छात्रावास परिसर में योग का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में पतंजलि महिला इकाई की राज्य कार्यकारिणी सदस्य ममता सिन्हा उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने से शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं मानसिक तनाव दूर होता है। साथ ही, व्यक्ति की बुद्धि कुशाग्र होती है। आप सभी निश्चित रूप से योग के परिणाम को बीतते समय के साथ अपने व्यवहार, मस्तिष्क के विकास सहित अनेक चीजों में महसूस करेगें। उन्होंने ने कहा कि बच्चों के साथ प्रतिदिन विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव का उठना एवं उनके साथ में योग करना, एक बेहतर अभिभावक की अनुभूति कराता है। ऐसे कार्यों से निश्चित रूप से बच्चे अभिभावक के रूप में जुड़ते हैं और उनका आत्मीय लगाव भी बढ़ता है। साथ ही वे अपनी मूल समस्याओं को आसानी से उन तक पहुंचा पाते हैं। बच्चों के साथ दैनिक दिनचर्या की शुरूआत बच्चों और संस्थान के लिए बेहद गर्व की बात है। वहीं, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि योग के साथ संत मरियम स्कूल के छात्रावास के बच्चे आर्चरी, कराटे, संगीत, निशानेबाजी आदि खेलों का भी नियमित अभ्यास करते हैं। पलामू जैसे क्षेत्रों में विद्यालय प्रबंधन का यह प्रयास है कि बच्चे अपने रुचि के अनुसार विभिन्न खेलों के क्षेत्र में पलामू का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रौशन करें। मौके पर छात्रावास के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## प्रोजेक्ट रेल परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रधानाध्यापक ने किया पुरस्कृत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** रांची के झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद प्रोजेक्ट रेल परीक्षा में उत्तीर्ण विभिन्न वर्ग के विद्यार्थियों को हुसैनाबाद मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने एक समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि विभाग का यह प्रयास सराहनीय है। बच्चों में पढ़ाई लिखाई के प्रति अभिरुचि बढ़ रही है। उल्लेख्य है कि 2024-25 सत्र के आरंभकाल में चार सप्ताह तक पिछले वर्ग से ही प्रश्न पूछे जायेंगे। शिक्षक भी सिलेबस के मुताबिक एक सप्ताह की पढ़ाई पूरी तैयारी के साथ कर रहें हैं और अच्छा फीडबैक मिल रहा है। विभिन्न वर्गों से उत्कृष्ट अंक लानेवाले तीन लड़कों को पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर सहायक शिक्षक मो जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, राजेश कुमार, प्रमोद मेहता, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, पूनम कुमारी और रश्मि प्रकाश उपस्थित थीं।

## हाथरस कांड में मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख मुआवजा व नौकरी दे सरकार : कमलेश



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान हुई घटना का राजद नेता कमलेश यादव ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मृतक के परिजनों को 20-20 लाख रुपये मुआवजे के साथ सरकारी नौकरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सत्संग के दौरान भगदड़ मचने से करीब 120 लोगों की मौत हुई है। जो काफी हृदय विदारक घटना है। अव्यवस्था के कारण ही इतनी बड़ी घटना हुई। वहीं सरकार मृतक के परिजनों को मात्र 2-2 लाख रुपये देने की घोषणा कर प्रलोभन दे रही है। मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। साथ ही नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा पर प्राथमिकी दर्ज कर जल्द ही गिरफ्तारी होनी चाहिए।

### गिरिडीह सांसद ने दिल्ली स्थित आवास पर केंद्रीय मंत्री से मिलकर किया अनुरोध

# झारखंड में पलायन रोकने को सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम को बढ़ावा दें: चंद्रप्रकाश चौधरी

## मिला आश्वासन, जल्द ही झारखंड आयेंगे जीतन राम मांझी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी से नई दिल्ली में मिलकर उनके साथ झारखंड में लघु व सूक्ष्म उद्योग को बढ़ावा देने और ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के अलावा रोजगार के अवसर पैदा करने को लेकर चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को झारखंड में गंभीरता और कुशलता के साथ चलाने की जरूरत है। यहां के नौजवानों को रोजगार मिले इसको लेकर व्यावहारिक रूप से ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन व्यावहारिक रूप से किया जाना आवश्यक है। विभाग अंतर्गत जितनी भी योजनाएं हैं उसको धरातल पर उतारकर लोगों को व्यापक रूप से जोड़े जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर ही झारखंड में पलायन को रोका जा सकेगा। बातचीत के क्रम में केंद्रीय मंत्री ने शीघ्र झारखंड दौरा करने की बात भी कही। इससे पहले सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने नरेंद्र मोदी सरकार में उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी।



केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से दिल्ली में मुलाकात कर पुष्प भेंट करते गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी।

## राज्यपाल रघुवर दास से मिले अनिल अग्रवाल



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल ने राज्यपाल के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की और संगठन के कार्यों के बारे में बताया। वहीं, राज्यपाल ने संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस पर अनिल अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के संगठन कार्य के लिए ओडिशा आया था, इसी क्रम में राज्यपाल से मिलना हुआ।


**Office of the Executive Engineer**
**Water Ways Division,Hazaribagh.**

**Very short notice invitinge- quotation**

**Ref :- WRD/WWDivision,Hazaribag/Quotation-01/2024-25 (2nd Call) Dated-03.07.2024**

**Office Email Id- eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in**

Government of Jharkhand through its public works Department PWD is engaged in framing/revision ofSchedule of Rates as part of the endeavour quotations through e- tender are invited for rate of items material and hire charges of P&M (including POL) annexed as Annexure-I & Annexure-II for construction works from quarry owners/crusher owners/Reputed manufacturer/Authorised dealers/suppliers and other stakeholders authorised for respective items having validGSTIN of materials. The rate confirming two specifications for inclusion in the schedule of Rates for government of Jharkhand to be used in different civil construction/Infrastructure works and repair works shall be submitted online in the websitewww.jharkhandtenders.inDetails of material and its specifications are available on the abovee-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from.03.07.2024 at 15.00 hours to10.07.2024 at 15.00hrs.

The quotation will be opened on11.07.2024 at 15.30 hours.The quotation is invited to ascertain an access the rate of materials as per with lowest market rate for framing of schedule of rate.

Executive Engineer
Water Ways Divsion,
Address.-Water Ways Divsion, Hazaribag
Mobile number-7280967608
Email Id-eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in

PR 328534 Water Resource(24-25).D


## लूटकांड का उद्भेदन, छह गिरफ्तार, सामान भी बरामद



### अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखना हमारी पहली प्राथमिकता: एसएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मनियाडीह थाना अंतर्गत बस्तीकुल्ही स्थित सुकर मुर्मू के घर अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा हथियार का भय दिखाकर कीमती जेवरात एवं नगद रुपये लूट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। घटना की जांच के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक पी जनार्दन के निर्देश पर एक टीम गठित की गयी थी। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार गुप्ता, टुंडी अंचल के पुनि साजिद हुसैन, मनिमातीम थाना प्रभारी शिव कुमार, पुअनि अजय कुमार सिंह सह अनुसंधानकर्ता, पुअनि संजय कुमार कुशवाहा, पुअनि जगदीश टोप्पो, सअनि धर्मनाथ सिंह, आ-801 संजीत राम, आ-650 सतीश कुमार आदि शामिल थे। सभी के सहयोग से लाटकांड में शामिल छह संदिग्ध बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसमें प्रकाश कर्मकार नामक एक आरोपित भी शामिल है, जिसका पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। डकैती के दौरान बदमाशों द्वारा लूटे गये सामानों के अलावा लूटकांड में इस्तेमाल एक बाइक भी बरामद की गयी है। पुलिस की मानें तो जब्त सामानों में सोने का एक लॉकेट, सोने का एक जोड़ा कान की बाली, सोने का एक बड़ा लॉकेट, सोने की नाक की नथुनी, चांदी का एक जोड़ा पायल, एक चंद्रहार, चांदी की चेन, एक कड़ी, बादी एक चुडी आदि बरामद किया गया है। इसके अलावा पांच स्मार्ट फोन भी बरामद किया गया है।

## बीएलओ की ओर से घर-घर किये जा रहे सत्यापन कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

### द्वितीय एसएसआर 2024 के अंतर्गत चल रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** द्वितीय एसएसआर 2024 के अंतर्गत 25 जून से चल रहे प्री रिवीजन एक्टिविटी कार्यों को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी माधवी मिश्रा ने की। इस दौरान घर-घर सत्यापन, बूथ रेशनलाइजेशन, लंबित फॉर्म 6, 7 एवं 8, एएमएफ समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गई। डीसी ने सभी इआरओ एवं एइआरओ को कार्य में प्रगति लेन का निर्देश दिया। गौरतलब हो कि द्वितीय एसएसआर 2024 के अंतर्गत 25 जून से प्री रिवीजन एक्टिविटी प्रारंभ है। जिसके तहत बीएलओ घर-घर जा कर सत्यापन का कार्य कर रहें हैं। मौके पर डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांकः– 725 हजारीबाग/दिनांकः– 01/07/2024

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 631 दिनांक 13.06.2024 के द्वारा निर्गत ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-05/2024-25 पी0आर0न0– 326353 Minor Irrigation (24-25) D द्वारा प्रकाशित निविदा अपरिहार्य कारण वश आंशिक रूप से निम्नवत् संशोधित किया जाता है।

1). बेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 15.07.2024 at 03:00 PM
2). ऑन लाईन ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय – 24.07.2024 at 05:00 PM
3). ऑन लाईन निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय – 24.07.2024 at 05:00 PM
4). ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 26.07.2024 at 03:00 PM

अन्य कंडिकाएँ एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग

PR 328455 Minor Irrigation(24-25).D


## भाजपा की विजय संकल्प सभा को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** विधानसभा क्षेत्र में आठ जुलाई को आयोजित होने वाले विजय संकल्प सभा एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह को सफल बनाने को लेकर बुधवार को झरिया के पोद्दारपाड़ा स्थित आरएस पैलेस प्रांगण में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता धनबाद जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने की। बैठक में झरिया विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम की प्रभारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के अलावा प्रदेश मंत्री सरोज सिंह एवं योगेंद्र यादव भी उपस्थित थे। बैठक में विजय संकल्प सभा एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह को सफल बनाने को लेकर चर्चा करते हुए पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए गए। जिसमे छह जुलाई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी एवं आठ जुलाई को विजय संकल्प एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह को लेकर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं 20 जुलाई को रांची के मोहराबादी मैदान में वृहद कार्यसमिति के आयोजन को लेकर भी निर्देश दिया गया। जिसमे बड़ी संख्या में जिला एवं मंडल स्तर के सभी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को शामिल होनेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राज कुमार अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव ओबीसी मोर्चा, जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह, चंद्रवंशी जिला मंत्री पूनम देवी, राज किशोर जैना, विष्णु त्रिपाठी, सत्यदेव सिंह, बस्ता कोला मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव, लोदना मंडल अध्यक्ष राजा राम पासवान, जोरा पोखर मंडल अध्यक्ष, अभिषेक पाण्डेय अनिल शर्मा, वीरेंद्र वर्मा, विशाल श्रीवास्तव, उचित महतो, अजय निषाद आदि मौजूद थे।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 04/2024–25

दिनांक 01/07/2024

मद का नाम :– पुलिस विभाग सुदृढ़ीकरण मद

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of Potahut (64X27) 24 Beds-01 nos and Saptic Tank and Soak Pit - 01 nos in Bishnugarh P.S., Potahut (64X27) 24 Beds-01 nos and Saptic Tank and Soak Pit - 01 nos in Pandu Picket, Keredari P.S., Potahut (64X27) 24 Beds-01 nos and Saptic Tank and Soak Pit - 01 nos in T.P-6 Picket, Katkamdag P.S., Potahut (64X27) 24 Beds-01 nos and Saptic Tank and Soak Pit - 01 nos in Churchu P.S., Potahut (64X27) 24 Beds-01 nos and Saptic Tank and Soak Pit- 01 nos in Chouparan P.S. of District - Hazaribag | 15992946.00 | 10000.00 | 320000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 06.07.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 07.07.24 से 16.07.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 18.07.2024 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 328480 District (24-25)_D


## मुखिया ने स्कूल बच्चों में बांटी स्कूल सामग्री



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पंचायत स्थित मध्य विद्यालय एग्यारकुंड-निरसा तीन में बुधवार को स्कूल सामग्री वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया अजय पासवान उपस्थित थे। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा के कार्यों की सराहनीय की। कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में विद्यालय किट योजना कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यार्थियों को सहायक स्टेशनरी सामग्री वितरण की जा रही है। उन्होंने कुल 401 बच्चों को स्कूल किट सौंपा। इस मौके पर वार्ड सदस्य छवि बाउरी, बालिका कोडा, अनीता बाउरी, पंपी खा, विदन मंडल, प्रमोद राव, प्रमोद कुमार झा व जमुना बाउरी आदि थे।

### नगर निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ धनबाद में आजसू का हल्ला बोल

# सिर्फ वसूली और विकास में कोताही बरतने का अड्डा बना नगर निगम

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** नगर निगम में सिर्फ वसूली कर विकास कार्यों में कोताही बरतने का आरोप लगाते हुए बुधवार को आजसू ने धनबाद ननि कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष दिलीप सिंह एवं संचालन केंद्रीय समिति सदस्य रतिलाल महतो ने किया। इस दौरान पार्टी के जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि निगम प्रबंधन होल्डिंग टैक्स की रसीद बिना सत्यापन के भारी भरकम राशि लेकर गलत तरीके से ले रही है। जमीन दाखिल खारिज के आवेदन का निष्पादन, पंजी टू में दर्ज जीरो प्लॉट पर आवश्यक कार्रवाई, बुआ आवास के लाभों के चयन में पारदर्शिता, मनरेगा योजना को वर्षों से पूरा कर मजदूरी भुगतान, गरीब छात्राओं को प्रमाण पत्र शीघ्रता से बनवाकर छात्रवृत्ति देना, 24 घंटे बिजली आपूर्ति आदि विभिन्न 5 सूत्री मांगों को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित की गयी थी। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि धनबाद नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। कार्यक्रम के माध्यम से चेतावनी दी गई कि अगर पदाधिकारी अपनी कार्यशैली में बदलाव नहीं लाते हैं तो पार्टी आंदोलन उग्र करने को विवश होगी। अंत में विभिन्न मांगों को लेकर 16 सूत्री ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय सचिव राधेश्याम गोस्वामी, आजसू छात्र संघ के प्रदेश महासचिव विशाल महतो, जिला अध्यक्ष सदानंद महतो उर्फ मंटू महतो, कार्यकारी अध्यक्ष हालदार महतो, केंद्रीय सचिव अवधेश यादव, जिला संगठन सचिव वीरेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष पप्पू सिंह और केंद्रीय सदस्य कुल्लू चौधरी आदि मौजूद थे।

## जल सहिया के साथ जिला प्रशासन का सौतेला व्यवहार अब बर्दाश्त नहीं: सचिन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में बोकारो ग्राम जल सहिया संघ की ओर से बकाया मानदेय भुगतान को लेकर बुधवार एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शकुंतला देवी ने की। जल सहिया संघ को आजसू के बोकारो जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने समर्थन करते हुए कहा कि जब पूरे झारखंड के सभी जिलों में जल सहिया का पिछला मानदेय का भुगतान कर दिया गया तो बोकारो जिला प्रशासन ने अभी तक भुगतान क्यों नहीं किया?। जिला प्रशासन समय रहते हुए जल सहिया का बकाया मानदेय जल्द भुगतान करें, अन्यथा आजसू सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा नारी शक्ति के साथ खड़ी रही है। अगर उनके साथ सौतेला व्यवहार हुआ तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, आजसू के केंद्रीय महासचिव काशीनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी हमेशा से नारी सशक्तिकरण की बात करती है। जल सहियाओ का नियोजन चंद्र प्रकाश चौधरी के मंत्री रहते किया गया था। पिछले चार सालों से जल सहिया का बकाया मानदेय का भुगतान जल्द करें नहीं तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगें। इस मौके पर बोकारो जिला सचिव बंकु बिहारी सिंह, सुमित्रा मंडल, कविता झा, सरस्वती देवी, उषा देवी, कल्याणी कुमारी, पूजा देवी, मोनिका महतो, शोभा चक्रवर्ती सुनिता देवी, मीना देवी और ममता देवी आदि उपस्थित थीं।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़**

एतद् द्वारा रामगढ़ जिला अन्तर्गत बिहार/झारखण्ड सहकारी समितियॉ अधिनियम 1935 तथा अधिनियम 1996 तथा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पत्रांक 55/25.01.2022 के आलोक में निबंधित सभी मत्स्यजीवी सहयोग समिति को सूचित किया जाता है कि पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के परिपत्र सं0 114/18.01.1992, सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के परिपत्र सं0 1410/दिनांक 29.06.2011 एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के परिपत्र सं0 1325/ दिनांक 11.10.2023 के आलोक मे वित्तीय वर्ष 2024 – 25 से 2026 – 27 की अवधि हेतु रामगढ़ जिला के ऐसे राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती की जानी है, जिनकी बंदोबस्ती अवधि 31.03.2024 को समाप्त हो गई है अथवा जो पूर्व से अबन्दोबस्त है। सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1410/दिनांक 29.06.2011 के द्वारा अल्पकालीन बन्दोबस्ती के परिप्रेक्ष्य में अधिनियम 1935 एवं अधिनियम 1996 के अन्तर्गत निबंधित समितियों के भेद को समाप्त करते हुए उक्त दोनों प्रकार के समतियों को समतुल्य करार दिया गया है। तद्नुसार रामगढ़ जिले में कार्यरत सभी प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/स्वावलम्बीं मत्स्यजीवी सहकारी समितियॉ/पंचायत स्तरीय समितियॉ से ऐसे जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती (वित्तीय वर्ष 2024 – 25 से 2026 – 27) हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है, जिसकी बन्दोबस्ती की जानी है एवं जो प्रस्ताव समिति के कार्यक्षेत्र में अवस्थित है। उक्त प्रस्ताव के आलोक में सहायक निबंधक, सहयोग समितियॉ/ जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गता स्वच्छता प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरी को बन्दोबस्ती प्रस्ताव के साथ उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। इसके पश्चात् ही बन्दोबस्ती पर विचार किया जाएगा। यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के कार्यक्षेत्र में आता है, तो ऐसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति के साथ जलकर की बन्दोबस्ती की जाएगी।

जिले में कार्यरत सभी प्रखण्ड स्तरीय सहयोंग समिति (1935) एवं स्वावलम्बीं मत्स्यजीवी सहकारी समितियों (1996) कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पत्रांक 55/25.01.2022 के आलोक में गठित पंचायत स्तरीय समितियों से बन्दोबस्ती का प्रस्ताव दिनांक 12.07.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में निम्नलिलिखत कागजातों के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

1. वर्ष 2023 – 24 में समिति के द्वारा सदस्यों के साथ की गई जलकरों की वितरण का प्रतिवेदन :–

| क्र0सं0 | वर्ष | जलकर का नाम | सदस्य का नाम | सदस्यता पंजी में कम संख्या | बन्दोबस्ती अवधि (सदस्य के साथ) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

2. राजस्व जमा प्रतिवेदन / राजस्व बकाया रहित प्रमाण पत्र। (रसीद की छायाप्रति संलग्न करें।)
3. कार्यकारिणी समिति की आम सभी की कार्यवाही की छायाप्रति। (पारित प्रस्तावित जलकरों की सूची सहित)
4. अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन (2023 – 24)
5. विशेष आम सभा/ निर्वाचन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
6. सदस्यता सूची की सत्यापित छायाप्रति। (सहायक निबंधक/संबंधित प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा)
7. सहायक निबंधक, सहयोग समितियॉ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
8. कार्यकारिणी का प्रस्ताव।
9. समिति के बैंक खाता का प्रथम पृष्ठ की छाया प्रति।

बन्दोबस्ती प्रस्ताव के साथ उपरोक्त कागजातों को जमा करने के पश्चात ही समितियों के साथ बन्दोबस्ती करने पर विचार करने पर विचार किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक जिन की बन्दोबस्ती का प्रस्ताव समितियों के द्वारा सभी कागजातों/ अर्हताओं के साक्षय प्राप्त नहीं होने पर उक्त जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती खुले डाक से करने हेतु प्रक्रिया प्रारभ।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 328441 Fish (24-25)_D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



# ओड़िशा में वृद्धा, विधवा और निःशक्तों को प्रति माह मिलेंगे तीन हजार : नित्यानंद गोंड

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य की भाजपा सरकार अपने संकल्प पत्र के आधार पर गरीब लाभार्थियों को तीन हजार रुपये प्रति माह सामाजिक सुरक्षा भत्ता प्रदान करेगी। राज्य के सामाजिक सुरक्षा और दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नित्यानंद गोंड ने कहा कि वित्त विभाग के साथ चर्चा के बाद राशि बढ़ायी जायेगी। मंत्री गोंड ने कहा कि प्रदेश में वृद्धा, विधवा एवं निःशक्त भत्ता राशि को बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह करने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं। इस भत्ते के लिए बजट में कितना पैसा है, इस पर वित्त विभाग से चर्चा की जायेगी। मंत्री गोंड ने कहा कि वित्त विभाग की राय मिलने के बाद भत्तों में वृद्धि पर निर्णय जल्द लिया जायेगा।

**2008 से मधुबाबू पेंशन योजना हो रही संचालित**

गौरतलब है कि राज्य में पहले से दिये जा रहे बुजुर्ग एवं विधवा भत्ता को मिलाकर 2008 से मधुबाबू पेंशन योजना कार्यकारी है। इसमें 27 लाख 80 हजार 163 लोगों को पेंशन दी जा रही है। इसमें 60 से 79 वर्ष के बुजुर्ग को एक हजार रुपये, 80 वर्ष से अधिक को आयु वर्ग के बुजुर्ग को 1200 रुपये, विधवा, कुष्ठ मरीज, एचआइवी पीड़ित को एक हजार रुपये मिल रहा है। इस वर्ष फरवरी में तत्कालीन राज्य सरकार इस भत्ता को बढ़ाया था। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में पांच सौ रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेशन योजना में 18 से 79 वर्ष के व्यक्ति को सात सौ रुपये भत्ता मिलता है। उल्लेखनीय है कि चुनाव से पहले भाजपा ने इन भत्तों को बढ़ाने के लिए घोषणा की थी। इसे अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल किया था। उसी हिसाब से अब पार्टी भत्ता बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की है।

# जाजपुर जिले में एसआइ पर ओड़िशा विजिलेंस का छापा, 5000 रुपये की रिश्वत ले रहा था

**ओड़िशा सतर्कता विभाग ने बिंझारपुर पुराने पुलिस स्टेशन परिसर में उनके सरकारी क्वार्टर में छापा मारा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जाजपुर।** एक चौंकाने वाली घटना में, जाजपुर जिले में एक एसआई पर ओड़िशा विजिलेंस का छापा पड़ा है, आरोप है कि वह 5000 रुपये की रिश्वत ले रहा था। आज थोड़ी देर पहले, केशव चंद्र दाश, पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) बिंझारपुर पीएस, जिला-जाजपुर को ओड़िशा विजिलेंस ने गिरफ्तार किया है। ओडिशा सतर्कता विभाग ने बिंझारपुर पुराने पुलिस स्टेशन परिसर में उनके सरकारी क्वार्टर में छापा मारा, जहां वे एक शिकायतकर्ता से पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्रदान करने और 20.05.2024 को एक दुर्घटना में उसके पिता की मृत्यु के लिए आकस्मिक दावा दिलाने में मदद करने के लिए 5,000/- (पांच हजार रुपये) की रिश्वत मांग रहे थे और स्वीकार कर रहे थे। रिश्वत की पूरी रकम आरोपी दाश, एसआई के कब्जे से बरामद कर ली गयी है और जब्त कर ली गयी है। सफल ट्रैप के बाद, डीए एंगल से दाश, एसआई के तीन ठिकानों पर एक साथ तलाशी चल रही है। इस संबंध में कटक सतर्कता पुलिस थाना मामला संख्या 16 दिनांक 02.07.2024 यू/एस-7 पीसी (संशोधन) अधिनियम, 2018 पंजीकृत किया गया है। आरोपी दाश, पुलिस के एसआई के खिलाफ जांच जारी है। विस्तृत रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।

पूर्व मध्य रेल

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना विद्युत/क.वि. विभाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/ पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई-निविदा संख्या : TRD-OT-04-NMGK QRDFCC-24-25, क्र.सं. : 01, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Shifting of KQR/F.P., Modification of HZD/TSS & NMG/F.P. in connection with "Shifting of TRD utility from Gomoh to Koderma due to Dedicated Freight Corridor Alignment". कार्य समापन की अवधि – (06) छः माह, **क्र.सं. : 02, कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 1,33,19,305.36/– निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–, क्र.सं. : 03, **बिड सिक्युरिटी :** रू. 2,16,600/–, **क्र.सं. : 04, ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई-निविदा बंद होने की तिथि 23.07.2024 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि 23.07.2024 को 11:30 बजे।, **क्र.सं. : 05, वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : **http://www.ireps.gov.in.** ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि.
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0618/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24-25/40

# किट इंटरनेशनल स्कूल का 18वां स्थापना दिवस मना




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट इंटरनेशनल स्कूल का 18वां स्थापना दिवस 2 जुलाई 2024 को मनाया गया। इस कार्यक्रम में किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युता सामंता उपस्थित थेय सस्वती बल, किट और किस की अध्यक्षय किट और किस की अध्यक्ष डॉ मोना लिसा बालय डॉ संजय कुमार सुअर, प्राचार्यय और कामायनी शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की अकादमिक प्रमुख। छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ सामंता ने समाज में अच्छे इंसान बनने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज की दुनिया में बच्चों को खुद को अच्छे छात्र और अच्छे इंसान दोनों के रूप में विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि माता-पिता इस प्रयास में शिक्षकों के समान ही जिम्मेदारी निभाते हैं। अपने स्वयं के जीवन से प्रेरणा लेते हुए, उन्होंने छात्रों को ऐसे कार्यों से बचने की सलाह दी जिससे उन्हें और उनके माता-पिता को कठिनाई हो। डॉ सामंता ने यह भी उल्लेख किया कि केआइआईटी इंटरनेशनल स्कूल वास्तव में सभी मामलों में अंतरराष्ट्रीय है। किट और किस की अध्यक्ष सस्वती बल ने छात्रों को आशीर्वाद दिया और उन्हें अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल की चेयरपर्सन डॉ मोना लिसा बाल ने इस बात पर जोर दिया कि इंटरनेशनल स्कूल छात्रों की ताकत, प्रतिभा और रुचियों की पहचान करके और उन्हें भविष्य के लिए तदनुसार तैयार करके व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। प्राचार्य डॉ संजय सुआर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र मंत्रिमंडल ने शपथ ली।

# कर्ज के कारण असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने पिता की हत्या की : डीसीपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एक चौंकाने वाली घटना में, भुवनेश्वर के एक निजी कॉलेज के एक वरिष्ठ शिक्षक ने पैसों से जुड़े विवाद में अपने पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। घटना बुधवार को रंगमाटिया की है। आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है और शहर के मंचेश्वर पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत रंगमटिया इलाके में अपने माता-पिता के घर के पास एक अपार्टमेंट में अपनी पत्नी के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि आरोपी पिछले कुछ दिनों से अपने माता-पिता (65 वर्षीय मृतक सुनील चौधरी और उनकी पत्नी सुनीता चौधरी) के अपार्टमेंट में रह रहा था। सूत्रों के अनुसार मृतक के पिता और आरोपी के बीच बुधवार को तड़के पैसों के लेन-देन को लेकर तीखी बहस हुई। इसी दौरान अचानक असिस्टेंट प्रोफेसर को गुस्सा आ गया और उसने गुस्से में आकर अपनी मां सुनीता के सामने ही अपने पिता पर धारदार हथियार से कई वार कर दिए। खून से लथपथ सुनील को तुरंत राजधानी के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए डीसीपी प्रतीक सिंह ने बताया कि मंचेश्वर पुलिस ने आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है, जो मृतक का बेटा भी है। उसने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। डीसीपी सिंह ने बताया, हमें शुरूआती जांच से पता चला है कि शहर के एक निजी कॉलेज में फैकल्टी के तौर पर काम करने वाला आरोपी भारी कर्ज के कारण गंभीर अवसाद में था। आरोपी ने अपने पिता से आर्थिक मदद मांगी थी, लेकिन पिता ने उसे पैसे देने से मना कर दिया। इसलिए उसने आज सुबह-सुबह उसके साथ मारपीट की।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# लोगों को आसमानी बिजली से बचाने के लिए मोहन सरकार ने तैयार की योजना

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में गांव हो या शहर, हर महीने वज्रपात से लोगों की जान जा रही है। लगातार वज्रपात से लोगों की हो रही मृत्यु के आंकड़ों ने सरकार को झकझोर कर रख दिया है। राज्य सरकार ने वज्रपात गिरने से बचने के लिए पारंपरिक तरीके अपनाने का फैसला किया है। अब तय किया गया है कि प्रदेशभर में ताड़ के पेड़ लगाये जायेंगे। सितंबर 2023 में ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में ताड़ के पेड़ लगाने का निर्णय लिया गया था। इस साल वन विभाग इसे लागू करने पर आमादा है। इसके तहत पहले चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य में 19 लाख ताड़ के पेड़ लगाये जायेंगे, क्योंकि बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। भुवनेश्वर, कटक, बालेश्वर, भद्रक जैसे शहरों सहित तटीय ओड़िशा में बड़ी संख्या में ताड़ के पेड़ लगाने का कार्यक्रम शुरू किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक की अध्यक्षता में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में सभी वन क्षेत्र इकाइयों और विशेषज्ञों ने भाग लिया और ताड़ के पेड़ों के लाभों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों के अनुसार, वज्रपात गिरने से होने वाली मौतों में से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में होती हैं। **किस इलाके में कितनी मौतः** कुल मिलाकर वज्रपात गिरने से होने वाली मौतों में से 90% ग्रामीण क्षेत्रों में और 10% शहरी क्षेत्रों में होती हैं। खजूर के पेड़ लोगों को इससे बचा सकते हैं। इससे पहले राज्य के ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में ताड़ के पेड़ थे, जिसमें वज्रपात से होने वाली मौतों को रोकने में मदद मिलती थी। ताड़ के पेड़, विशेष रूप से तटीय ओडिशा में, संजीवनी की तरह काम करते थे। हालांकि, 1999 के महाचक्रवात और उसके बाद आये चक्रवात के प्रभाव के कारण केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, पुरी, कटक, बालेश्वर, भद्रक और गंजाम जिलों में ताड़ के पेड़ों को व्यापक क्षति पहुंची है। **पेड़ नहीं होने से आ रही समस्या :** पेड़ बहाली की दिशा में कदम नहीं उठाये जाने से लोगों की जान खतरे में है। शहरीकरण के कारण भी, ताड़ के पेड़ गायब हो गये हैं और बिजली सीधे जमीन पर गिरती है। दोपहर और शाम के समय वज्रपात से कई लोगों की जान जा रही है। घायलों की संख्या भी कम नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, वज्रपात गिरने की घटनाएं मुख्य रूप से लंबे पेड़ों जैसे ताड़ और नारियल के पेड़ों पर होती हैं।

**नहीं लगाये गये पेड़**

2018 में वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग ने राज्य के सभी वन प्रभागों को सड़कों, ग्रामीण क्षेत्रों, आरक्षित वनों और राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों की भूमि पर ताड़ के पेड़ लगाने के लिए कहा था। लेकिन यह काम आज तक नहीं हुआ है। इसके परिणामस्वरूप पिछले पांच वर्षों में ओड़िशा में वज्रपात से 1472 लोगों की जान जा चुकी है।

# ओड़िशा हाइकोर्ट में सभी मामलों और दस्तावेज की होगी इ-फाइलिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**15 जुलाई से हाइकोर्ट में शुरू होगी इ-फाइलिंग प्रक्रिया**

**इ-फाइलिंग गवर्नेंस 3.0 पोर्टल से होगी इ-फाइलिंग**

**कटक।** 15 जुलाई से हाइकोर्ट में दायर होने वाली तमाम मामले और दाखिल किये जाने वाले कागजात यानी डॉक्यूमेंट पूरी तरह से इ-फाइलिंग प्रक्रिया में होगा। इसको लेकर हाइकोर्ट की ओर से सोमवार को एक विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है। इ-फाइलिंग रूल फॉर दी हाइकोर्ट ऑफ ओड़िशा 2024 के अनुसार, सभी मामले एवं तमाम कागजात इ-फाइलिंग व्यवस्था के द्वारा दाखिल होगी। यह बात विज्ञप्ति में स्पष्ट की गयी है। निर्दिष्ट कुछ परिस्थितियों में वर्तमान के प्रचलित धारा में मामलों का फिजिकल फाइलिंग के लिए इजाजत दी जायेगी। **यहां कर सकेंगे इ-फाइलिंग :** इ-फाइलिंग गवर्नेंस 3.0 पोर्टल पर जाकर कोई भी इ-फाइलिंग कर सकेगा। इस बात का विज्ञप्ति में जिक्र किया गया है। अपने मामले और कागजातों की इस व्यवस्था तहत फाइलिंग करने में वकील और वकीलों के क्लर्क या मुवक्किलों के लिए यह काफी आसान होगा। उनके लिए इस व्यवस्था को अधिक सहज करने के लिए हाइकोर्ट परिसर में स्कैनिंग सेंटर की स्थापना की गयी है। मामलों की इ-फाइलिंग करने के लिए तथा इस प्रक्रिया के साथ अभ्यास में जुड़े रहने के लिए स्कैनिंग सेंटर के साथ-साथ इ-फाइलिंग काउंटर और इ-फेसिलिटेशन सेंटर सेवाओं को उपयोग करने के लिए वकील और वकीलों के क्लर्क से अनुरोध किया गया है। **अब घर और दफ्तर से मामला कर सकेंगे दायर :** इस व्यवस्था के चलते आगे से वह अपने घर से या फिर दफ्तर से या फिर किसी अलग जगह से हाइकोर्ट में मामला दायर कर सकेंगे। इ-फाइलिंग वर्जन 3 संबंधित यूजर मैन्युअल और वीडियो ट्यूटोरियल हाइकोर्ट वेबसाइट पर उपलब्ध है। इससे इ-फाइलिंग वर्जन 3.0 पंजीकरण और दूसरी प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। मामले और कागजातों की इ-फाइलिंग के लिए इ-फाइलिंग पोर्टल में एक साथ पंजीकरण अनिवार्य होने की बात विज्ञप्ति में स्पष्ट की गयी है। इ-फाइलिंग वर्जन 3.0 संबंधित तालीम कार्यक्रम जुलाई एक से 12 तारीख तक तमाम कार्य दिवस में की जा रही है, जिसमें वकील, वकीलों के क्लर्क भी शामिल होकर जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE
CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE
ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA
MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

# ओड़िशा में खुला हाथियों का रेस्तरां, ग्रेनाइट की थाली में परोसा जाता है खाना, ऐसा है मेन्यू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के चंदका वन्यजीव अभयारण्य में एक अनोखा रेस्तरां खोला गया है। इस रेस्तरां में हाथियों को खाना खिलाया जाता है। यह रेस्तरां खास तौर पर उन हाथियों के लिए है, जिन्हें वन अधिकारियों ने बचाया है और कुमकी हाथी बनने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। चंदका वन्यजीव अभयारण्य ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर के पास स्थित है। इस रेस्तरां में हाथियों के लिए खाने का समय तय है और उन्हें पौष्टिक भोजन दिया जाता है। रेस्तरां का मेन्यू पूरी तरह से शाकाहारी है और इसमें नाश्ता और दोपहर का भोजन शामिल है। इस अनोखे रेस्टोरेंट के पीछे का विचार हाथियों को नियमित दिनचर्या और पौष्टिक भोजन प्रदान करना है, जो उनके प्रशिक्षण के लिए आवश्यक है। मुख्य संरक्षक सुशांत नंदा ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए नियमित दिनचर्या और पौष्टिक भोजन आवश्यक है। इस रेस्टोरेंट में फिलहाल छह हाथी आते हैं। इस हाथियों के नाम जग्गा, मामा, उमा, कार्तिक, चंदू और शंकर है। हर हाथी के लिए एक अलग बूथ बनाया गया है, जिसका नाम उनके नाम पर रखा गया है। हाथियों को अपने-अपने बूथ की पहचान करना सिखाया गया है। **ये है टाइमिंग :** इन हाथियों को सुबह 8:30 बजे नाश्ता दिया जाता है, जिसमें केला, नारियल, गाजर, गन्ना और तरबूज जैसे फल शामिल होते हैं। इससे पहले हाथियों को सुबह की सैर और हल्की कसरत करायी जाती है। दोपहर का भोजन दोपहर 1:30 से 2:30 बजे के बीच दिया जाता है। लंच में गेहूं, बाजरा, मक्का का आटा, कुलथी, गुड़, हल्दी, अरंडी का तेल और नमक मिला कर बनाया जाता है। इससे पहले हाथियों को एक घंटे तक नहलाया जाता है। **ग्रेनाइट की थाली में परोसा जाता है खाना :** हालांकि रात का भोजन हाथी अपने घर यानि आरामगाह में करते हैं। संभागीय वन अधिकारी सारत बेहरा ने बताया कि हाथियों के लिए रेस्त्रां से अलग एक अलग आरामगाह है, जहां उन्हें रात भर खाने के लिए घास, पेड़ों की शाखाएं, केले के तने, पुआल आदि दिये जाते हैं। हाथियों के भोजन के लिए ग्रेनाइट की थाली का उपयोग किया जाता है। नंदा के अनुसार, ग्रेनाइट की थाली टिकाऊ होती हैं और इन्हें आसानी से धोया और साफ किया जा सकता है। **एक हाथी के लिए रोजाना 1500 रुपये खर्च :** एक हाथी के प्रशिक्षण और भोजन पर रोजाना लगभग 1500 रुपये खर्च होते हैं, जिसमें महावतों का वेतन भी शामिल है। यह रकम किसी बड़े शहर के महंगे रेस्टोरेंट में अच्छे भोजन के लिए भी पर्याप्त नहीं होगी। इन हाथियों को कुमकी हाथी बनने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कुमकी हाथी जंगली हाथियों को काबू करने और जंगलों में बाघों की निगरानी के काम आते हैं। अधिकारियों के अनुसार, पड़ोसी जंगलों में बाघों की आबादी बढ़ रही है, इसलिए कुमकी हाथियों की आवश्यकता भी बढ़ रही है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. RN/249/2019-21